राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 57 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा प्रतिष्ठान में वर्ष 2021-22 की परीक्षा में चयनित 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया गिरफ्तार

## शराब नीति केस में सीबीआई ने 8 घंटे पूछताछ की थी, आईएएस अफसर ने लिया था सिसोदिया का नाम, अफसर ने सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था

### आप को झटका

= अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शराब** नीति केस में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने 8 घंटे लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आबकारी विभाग के एक आईएएस अफसर ने सीबीआई की पूछताछ में सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो। इसी बयान के आधार पर सिसोदिया से पूछताछ की गई थी। सूत्रों की मानें तो अफसर ने सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था। सीबीआई ने सिसोदिया और अफसर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की तो उन्होंने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। यही सिसोदिया की गिरफ्तारी की वजह बनी। सिसोदिया को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई मुख्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूछताछ के लिए जाने से पहले सिसोदिया ने अपनी कार के सनरूफ से निकलकर समर्थकों का अभिवादन किया। वे समर्थकों की भीड़ के साथ सीधे राजघाट के लिए निकले। इसके बाद वे सीबीआई के ऑफिस गए।

**क्या है पूरा मामला:** सीबीआई ने पिछले साल 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों के एफआईआर दर्ज की थी। इसमें तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर समेत तीन अफसर, दो कंपनियां और नौ कारोबारी शामिल थे। सीबीआई ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया था। दरअसल, 8 जुलाई, 2022 को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया को एक रिपोर्ट भेजी थी। एक्साइज मंत्री सिसोदिया पर उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना नई आबकारी नीति बनाकर फर्जी तरीके से पैसा कमाने का आरोप लगाया था।

### 'सिसोदिया को सरकारी स्कूलों सुधारने की सजा मिली'

आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मनीष के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला, फिर गिरफ्तारी कैसे हुई। दोनों चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं है। अब सीबीआई कोर्ट में कहेगी, ये बड़े प्रभावी हैं। इसलिए इन्हें जांच होने तक जेल में रखा जाए। आप विधायक आतिशी ने कहा- मनीष सिसोदिया ने आठ साल में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की काया पलट कर दी। उन्हें इसी की सजा मिल रही है।

### सिसोदिया दुनिया के पहले शिक्षा मंत्री जो शराब घोटाले में अरेस्ट हुए

**भाजपा** प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि सिसोदिया पहले ऐसे शिक्षा मंत्री हैं, जो शराब घोटाले में गिरफ्तार हुए हैं। उन्होंने स्कूल के आसपास शराब दुकानें खुलवाकर बच्चों उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया। केवल कमीशन के लिए आम आदमी पार्टी ने स्कूल, मंदिर के पास और मोहल्लों में शराब की दुकानें खुलवाईं।

### सबूतों के आधार पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**डिप्टी** सीएम सिसोदिया को सबूतों के आधार पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सीबीआई ने सिसोदिया को कई सबूत दिखाए, इसमें डिजिटल सबूत और दस्तावेज भी शामिल थे। सिसोदिया इन सबूतों के सामने कोई जवाब नहीं दे पाए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था।

## सीएम को अपने अहंकार को किनारे रखना चाहिए: शिंदे



**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि डेवलपमेंट फंड प्राप्त करने के लिए केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने चाहिए। काम जमीन पर होते हैं न कि ऑनलाइन या घर से। उन्होंने कहा कि ने राज्य के लिए अहंकार को अलग रखने की जरूरत होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2019 और 2022 के बीच महा विकास आघाड़ी सरकार में मुख्यमंत्री थे। अक्सर उनकी नरेंद्र मोदी सरकार के साथ खींचतान होती रहती थी। केंद्र से डील करने के लिए अहंकार को अलग रखना पड़ता है: शिंदे ने कहा कि विकास के लिए जमीन पर काम करने की जरूरत होती है। आप ऑनलाइन या फेसबुक के जरिए से काम नहीं कर सकते।

## मैं इंडियन सिटीजन नहीं हूं: अमृतपाल



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** के अजनाला थाने पर समर्थकों संग हमला करने वाले खालिस्तान समर्थक 'वारिस पंजाब दे' चीफ अमृतपाल ने खुद को भारतीय नागरिक मानने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल ने कहा - मैं खुद को इंडियन सिटीजन नहीं मानता। पासपोर्ट सिर्फ एक यात्रा का डॉक्यूमेंट है, इससे कोई भारतीय नहीं बन जाता। बता दें कि अमृतपाल ने अपने करीबी लवप्रीत सिंह तूफान को छुड़ाने के लिए समर्थकों समेत अजनाला पुलिस थाने को घेर लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस उसके आगे झुक गई और तूफान को जेल से रिहा करवा दिया। अमृतपाल ने कहा कि अगर पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोका तो फिर हिंसा को रोकना उनके वश में नहीं होगा। दहशतगर्दी ऐसी चीज नहीं कि मैं उसे शुरू कर सकूं।

## गया के फल्गु नदी में बम धमाका



**गया/टीम एक्शन इंडिया**
**गया** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी में रविवार की दोपहर बम डिफ्यूज करने के दौरान बीएमपी के 2 जवान समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। बीएमपी के दोनों जवानों की हालत गंभीर है। डाक्टरों ने एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके दोनों हाथ काटकर हटा दिए हैं। बताया गया कि कोतवाली थाना में पिछले दिनों एक अपराधी के पास से छह बम बरामद किया गया था। उसी बम को डिफ्यूज करने के लिए फल्गु नदी में ले जाया गया, जब यह हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, बम डिफ्यूज करने के लिए बीएमपी 3 के बम डिफ्यूज दस्ता को बुलाया गया था। कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी विद्या प्रसाद यादव के देखरेख में बीएमपी के बम डिफ्यूज दस्ता फल्गु नदी में गए थे। बम डिफ्यूज करने के क्रम में विस्फोट हो गया।

## कश्मीर: फिर टारगेट किलिंग



**श्रीनगर/टीम एक्शन इंडिया**
**दक्षिण** कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय शर्मा पर तब हमला किया, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग है। इससे पहले जम्मू के राजौरी के अपर डांगरी गांव में 1 जनवरी 2023 की शाम को 2 अनजान लोग घुस आए थे। उन्होंने पूछ-पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई थी। संजय शर्मा की हत्या की जिम्मेदारी कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि सुबह हमने अचान (पुलवामा) के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा।

### निशाने पर

= आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई

## हमारा सत्याग्रह, भाजपा के 'सत्ताग्रह' से जीतेगा: राहुल गांधी



**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**छत्तीसगढ़ की** राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के तीसरे और आखिरी दिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी ने 32 मिनट की स्पीच दी। राहुल ने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा, अडाणी हिंडनबर्ग केस, चीन पर जयशंकर के बयान और 2024 लोकसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर बात की। राहुल ने अपने भाषण में 1977 का किस्सा भी सुनाया, जिसमें उन्हें पहली बार अहसास हुआ था कि उनके पास अपना घर नहीं है। उन्होंने कहा- 52 साल हो गए, मेरे पास आज भी अपना घर नहीं है। उनकी बातें सुनकर सोनिया गांधी भावुक नजर आईं।

### मोदी निशाने पर

= कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का विचार कर रहे हैं

**जब गले लगता था तो ट्रांसमिशन सा होता था:** राहुल गांधी ने कहा, '4 महीने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक भारत जोड़ो यात्रा हमने की। वीडियो में आपने मेरा चेहरा देखा, लेकिन हमारे साथ लाखों लोग चले। बारिश, गर्मी और बर्फ में हम सब एक साथ चले। बहुत कुछ सीखने को मिला। आपने देखा हो कि पंजाब में एक मैकेनिक आकर मुझसे मिला। मैंने उसके हाथ पकड़े और सालों की उसकी तपस्या, उसका दर्द और दुख मैंने पहचान लिया। लाखों किसानों के साथ जैसे ही हाथ मिलाता था, गले लगता था एक ट्रांसमिशन सा हो जाता था। शुरूआत में बोलने की जरूरत होती थी कि क्या करते हो, कितने बच्चे हैं, क्या मुश्किलें हैं। एक-डेढ़ महीना ये चला और उसके बाद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे ही हाथ पकड़ा, गले लगे उनका दर्द एक सेकेंड में समझ आ

## 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इंदिरा प्रतिष्ठान में वर्ष 2021-22 की परीक्षा में चयनित 9055 उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चयनित अभ्यर्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उप्र में साल 2017 से अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना और डीजीपी डीएस चौहान सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी चौहान ने पौधा देकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का स्वागत किया। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने उप मुख्यमंत्री पाठक का स्वागत किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल का हिस्सा बनने के लिए मैं आपका दिल से अभिनंदन करता हूं। आप सब सौभाग्याशाली हैं कि नियुक्ति पत्र प्राप्त के दौरान आपको प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वचन मिला। योगी ने कहा कि 2017 में डेढ़ लाख से अधिक कार्मिकों की जगह रिक्त थी।

## मूसेवाला मर्डर के दो आरोपियों की जेल में हत्या



**लुधियाना/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में शामिल 2 बदमाश जेल में हुई गैंगवार में मारे गए। पंजाब में तरनतारन जिले की गोइंदवाल जेल में रविवार को बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें बदमाश मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह मोहना की मौत हो गई। एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि तीनों के सिर पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। तरनतारन के इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. जगजीत सिंह ने कहा कि दोपहर में जेल से लाए गए तीन घायलों में से दो की अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मारा गया गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान सिंगर मूसेवाला की हत्या की दौरान स्टैंडबाय शूटर के तौर पर मौजूद था। वह जग्गू भगवानपुरिया गैंग का मेंबर था।

**कैदियों से कहासुनी हुई, फिर हिंसा में दोनों की जान गई**
शुरूआती जानकारी के मुताबिक, गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान की जेल में कैदियों के साथ किसी बात को लेकर झड़प हुई थी।

### गैंगवार में मारे गए

= जग्गू और लॉरेंस के गुर्गों में गैंगवार, मामूली बहस पर चले धारदार हथियार, एक अन्य बदमाश केशव की हालत गंभीर

**मिशन 2024** भाजपा का महिला मोर्चा केंद्र की योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संपर्क कर व्यापक अभियान शुरू करेगा

## लोकसभा चुनाव: भाजपा की नैया पार लगाएगा 'महिला मोर्चा'




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**2024 भाजपा को अगले साल आम** चुनाव में जीत दिलाने के लिए 'महिला मोर्चा' को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा का महिला मोर्चा सोमवार से देशभर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की महिला लाभार्थियों से संपर्क कर व्यापक अभियान शुरू करेगा।

**हर जिले में 10 महिलाएं होंगी सम्मानित:** महिलाओं से जुड़ने की कोशिशों के तहत पार्टी सदस्यों ने एक साल में लाभार्थियों के साथ एक करोड़ सेल्फी लेने का लक्ष्य रखा है। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रमुख वनती श्रीनिवासन ने कहा कि पार्टी की महिला शाखा अगले महीने भाजपा की दिवंगत दिग्गज नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक पुरस्कार समारोह भी शुरू करेगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 10 महिलाओं को हर जिले में सम्मानित किया जाएगा।

**योजनाओं के लाभों के बारे में बताया जाएगा:** वनती ने कहा कि सेल्फी की कवायद महिलाओं से जुड़ने की पार्टी की कोशिशों का हिस्सा है। पार्टी की महिला विंग की सदस्य हर जिले में महिला मतदाताओं से संपर्क करेंगी उन्हें आवास से लेकर रसोई गैस, शौचालय और बैंक खाते खोलने जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में बताएंगी।

**नमो ऐप पर डाली जाएंगी सेल्फी:** श्रीनिवासन ने कहा कि अगर कोई महिला सरकार की किसी भी योजना से लाभान्वित हुई होंगी, तो पार्टी के सदस्य उनके साथ एक सेल्फी लेने का अनुरोध करेंगे और उसे नमो ऐप के जरिए डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य योजनाओं के बीच इन योजनाओं को लोकप्रिय बनाने में भी मदद करेगा।



# नासिर-जुनैद हत्याकांड...हरियाणा के नूंह में तनाव

## मुस्लिम बाहुल्य इलाके में हिंसा की आशंका, 3 दिन के लिए इंटरनेट-रटर बंद; सिर्फ वॉइस कॉल होगी

**8 नूंह में तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं 26 फरवरी से 28 फरवरी 2023 की रात 12 बजे तक बंद रहेंगी**





**गुरुग्राम/चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह** में साम्प्रदायिक तनाव व शांति भंग होने की संभावना को लेकर प्रदेश सरकार ने नूंह जिला में तीन दिन के लिए इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इंटरनेट सेवाएं 26 फरवरी से 28 फरवरी 2023 की रात 12 बजे तक बंद रहेंगी। इंटरनेट सेवाओं में 2जी/3जी/4जी/सीडीएमए/जीपीआरएस और सभी एसएमएस सेवाओं (बल्क एसएसएम सहित, बैंकिंग व मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) तथा वॉइस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर दी जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं आदि अस्थाई रूप से बंद रहेंगी। यह आदेश दूरसंचार सेवाओं का अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा) नियम के तहत जारी किए गए हैं। सरकार प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि जिला नूंह में वर्तमान स्थिति के मद्देनजर साम्प्रदायिक तनाव व सामाजिक शांति भंग होने की संभावना को देखते हुए एसएमएस और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक ट्विटर आदि के माध्यम से दुष्प्रचार और अफवाहों के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाओं को 3 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। इस आदेश के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**आदेश नहीं मानने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई:** हरियाणा सरकार की ओर से चेतावनी जारी की गई है कि आदेश के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए सरकार की ओर से जिले में अतिरिक्त पुलिस भी तैनात करने के निर्देश जारी किए हैं।

**सरकार को दंगे के मिले इनपुट:** नासिर-जुनैद हत्याकांड के बाद श्रीकांत की पत्नी के साथ हुई बर्बरता के बाद नूंह के हालात खराब चल रहे हैं। दो पक्षों के बीच हाल ही में पथराव और फायरिंग भी हो चुकी है। इस बीच हरियाणा पुलिस को नूंह में दंगे का इनपुट मिला है। संभावना है कि दोनों पक्ष बड़ी संख्या में जगह जगह उग्र प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इन संभावनाओं को देखते हुए हरियाणा सरकार ने इंटरनेट सेवाएं बंद होने का फैसला किया है।

## 2 मुस्लिम युवकों को जिंदा जलाया गया



**दरअसल,** 15 फरवरी को हरियाणा में भिवानी जिले के लोहारू में बोलेरो में 2 युवक जिंदा जले मिले। यह दोनों मुस्लिम युवक जुनैद और नासिर थे। जांच में पता चला कि यह दोनों राजस्थान के भरतपुर जिले के घाटमीका के रहने वाले हैं। जुनैद-नासिर के परिवार ने आरोप लगाया कि हरियाणा बजरंग दल के लोगों ने इनके साथ मारपीट की और फिर जिंदा जला दिया। इस हत्याकांड के बाद नूंह में हालात खराब चल रहे हैं।

**यहां से बिगड़ने लगी स्थिति:** दो मुस्लिमों को जिंदा जलाने के आरोपी श्रीकांत की गर्भवती पत्नी की राजस्थान पुलिस द्वारा पिटाई से गर्भ में ही उसके बच्चे की मौत हो जाने के बाद नूंह क्षेत्र में हालात खराब हो गए हैं। तीन दिन पहले ही नूंह में दो पक्षों के बीच पथराव और फायरिंग हो गई थी। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद हरियाणा सरकार सतर्क हो गई है। पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के बाद अब नूंह जिले की इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

# हरियाणा के दुल्हेड़ी गांव के युवाओं के मुरीद पीएम

## मन की बात कार्यक्रम में तारीफ; सुबह 4 बजे उठकर शहर की करते हैं सफाई



**चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 98वीं कड़ी में स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़े हरियाणा के दुल्हेड़ी गांव के युवाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने हमारे देश में जन भागीदारी के मायने ही बदल दिए हैं। देश में कहीं पर भी कुछ स्वच्छता से जुड़ा हुआ होता है, तो लोग इसकी जानकारी मुझ तक जरूर पहुंचाते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस मौके पर स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

**कई टन कूड़ा साफ कर चुके हैं युवा:** प्रधानमंत्री ने दुल्हेड़ी गांव के युवाओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा, "इन युवाओं ने तय किया हमें भिवानी शहर को स्वच्छता के मामले में एक मिसाल बनाना है। उन्होंने युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति नाम से एक संगठन बनाया। इस समिति से जुड़े युवा सुबह 4 बजे भिवानी पहुंच जाते हैं। शहर के अलग-अलग स्थलों पर ये मिलकर सफाई अभियान चलाते हैं। ये लोग अब तक शहर के अलग-अलग इलाकों से कई टन कूड़ा साफ कर चुके हैं।

**तीन युवाओं ने शुरू किया अभियान:** नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि अगर हम ठान लें तो स्वच्छ भारत में अपना बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। गांव दुल्हेड़ी के तीन युवाओं ने तीन साल पहले गांव को साफ सुथरा बनाने का बीड़ा उठाया था। अब युवाओं की इस टीम में 60 से ज्यादा युवा जुड़ चुके हैं।

## हेरोइन सहित राजस्थान के दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**नशीले** पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान राजस्थान के दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम फिरोज उर्फ फारूख व गगनदीप निवासी नोहर, हनुमानगढ़ बताया है। दोनों के खिलाफ थाना भट्टूकलां में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना भट्टूकलां पुलिस की टीम पीएसआई निशा के नेतृत्व में गश्त के दौरान लुदेसर चौक, भट्टूकलां पर पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि गांव किरढ़ान की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार युवक नशीला पदार्थ लेकर राजस्थान के नोहर जाने वाले हैं।

# रन फॉर जी-20 में दुष्यंत ने रस्साकसी में की जोर आजमाइश

## -जी-20 को लेकर राहगीरी कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
**जी-20 के** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की एक से चार मार्च तक होने वाली बैठक की मेजबानी को लेकर साइबर सिटी में उत्साह नजर आने लगा है। रविवार को जिला प्रशासन द्वारा की सुबह रन फॉर जी-20 व राहगीरी इवेंट का आयोजन किया गया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लेजर वैली ग्राउंड से रन फॉर जी-20 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप-मुख्यमंत्री ने राहगीरी इवेंट में डीसी निशांत कुमार यादव के बैडमिंटन भी खेला। साथ ही रस्साकशी के मुकाबले में भी हिस्सा लिया। उन्होंने व्यापार केंद्र मार्ग पर आयोजित राहगीरी में मुख्य अतिथि के तौर पर भागीदारी की। डीसी निशांत कुमार यादव ने उप-मुख्यमंत्री का गुरुग्राम पहुंचने पर स्वागत किया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रन फॉर जी-20 में पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता मिली है। जी-20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक एक मार्च से गुरुग्राम में होगी। देश की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व की बात है। गुरुग्राम को मिली मेजबानी का जोश हम सभी में नजर आना चाहिए। उन्होंने रन फॉर जी-20 के प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस मैराथन में भाग लेने का जोश साल भर बना रहना चाहिए, ताकि दुनिया भर में गुरुग्राम की मेजबानी का संदेश पहुंच सके। उन्होंने रन फॉर जी-20 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर जी-20 मैराथन में हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इसके उपरांत उप मुख्यमंत्री व्यापार केंद्र मार्ग स्थित राहगीरी इवेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जी-20 सम्मेलन को लेकर साइबर सिटी में जागरुकता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से यह इवेंट आयोजित किया था। उन्होंने मंच से गुरुग्राम से शुरू हुए राहगीरी इवेंट की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब यह कार्यक्रम देश भर में लोकप्रिय है। गुरुग्राम को हैपनिंग व खुशहाल बनाने के लिए राहगीरी की टीम आगे भी इसी जोश से काम करती रहे। इस इवेंट को सफल बनाने में रेजीडेंट्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस इवेंट के जरिए गुरुग्राम से दुनिया भर में हैपिनेस, हेल्दी लाइफ स्टाइल व खुशहाली का संदेश पहुंचना चाहिए।

# बैंक में दो महिलाओं ने किसान की जेब से हजारों की राशि चुराई

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
बैंक में किस्त जमा करवाने आए एक किसान की जेब से हजारों की नगदी चोरी होने का समाचार है। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो महिलाएं किसान के जेब से यह राशि चोरी करती दिख रही है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बीघड़ निवासी मदन लाल ने कहा है कि शनिवार को वह फतेहाबाद के यूनियन बैंक में किस्त जमा करवाने के लिए गया था। उसने पास 40 हजार रुपये थी। जब वह बैंक में किस्त जमा करवा रहा था तो इसी दौरान दो महिलाएं भी बैंक के अंदर आई और उसके पीछे खड़ी हो गई। जब उसने किस्त जमा करवाने के बाद उसने जेब को संभाला तो पाया कि उसकी जेब से 40 हजार रुपये की राशि गायब थी। इस पर उसने तुरंत बैंक मैनेजर को इस बारे सूचना दी। जब उन्होंने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो पाया कि बैंक में आई महिलाएं उसकी जेब से यह राशि चोरी करती दिखाई दे रही है। पैसे चुराने के बाद दोनों महिलाएं तुरंत बैंक से बाहर चली गई। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर मनाएं होली का त्योहार: भूपेंद्र यादव

## लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा संवाद कार्यक्रम है मन की बात कार्यक्रम, केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम में सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी में स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों के साथ सुना पीएम का मन की बात का 98वां एपिसोड



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से होली जैसे हमारे प्रमुख त्योहार को वोकल फॉर लोकल के साथ स्वदेशी उत्पादों से मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार जीवन में रंगों के साथ उमंग एवं सद्भाव लेकर आता है, जो सभी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। देश में तैयार उत्पादों को बढ़ावा मिले, इसके लिए हम सभी को स्थानीय उत्पादों को प्रमोट करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। केंद्रीय मंत्री रविवार को गुरुग्राम के सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी (रामसर साइट) में स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 98वां एपिसोड सुनने उपरान्त मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम किसी भी लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा संवाद का कार्यक्रम है। जिसे हमारे देश के नागरिकों ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने खुशी जताई कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से की गई जनभागीदारी की अपील में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम ने अपने संबोधन में हरियाणा के भिवानी जिले के दुल्हेड़ी गांव का जिक्र करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर भिवानी जिला को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुल्हेड़ी गांव की यह युवा शक्ति देश के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम ने आज देश के साथ अपनी मन की बात में टेली मेडिकल सेवा प्रदान करने वाली ऐप ई-संजीवनी का भी जिक्र किया। इसे डिजिटल इंडिया की शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह जीवन रक्षा ऐप बन रही है। ई-संजीवनी के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श पाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ को भी पार कर चुका है।

# हरियाणा में चार हजार शक्ति केंद्रों पर दिखा संसद जैसा नजारा: ओमप्रकाश धनखड़

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा भाजपा ने संगठनात्मक अनुशासन व एकता का परिचय देते हुए अमृतकाल में रविवार को एक और नया इतिहास रच दिया। प्रदेश भर में रविवार को चार हजार शक्ति केंद्रों पर संसद जैसा माहौल नजर आया। गांव स्तर पर लोग देश की नीति और प्रगति के रोड मैप की खुलकर चर्चा करते देखे गए। मौका था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 98 वें संस्करण सुनने उपरांत प्रदेश भर में चार हजार से अधिक शक्ति केंद्रों पर राष्ट्रपति के अभिभाषण को चार-चार कार्यकर्ताओं द्वारा पढ़ना और चर्चा करने का। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के प्रयासों ने देश की सोच और विकास के रोडमैप की जानकारी को ग्राम स्तर तक पंहुचाया। चार हजार शक्ति केंद्रों पर 16 हजार कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद में पढ़े गए अभिभाषण को पढ़ा और कार्यकताओं ने इस पर संसद की तर्ज पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ स्वयं बादली विधानसभा क्षेत्र के गांव न्यौला के बूथ नंबर 166 पर जमीन पर बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी और फिर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर ग्रामीणों के साथ खुलकर चर्चा की। ग्रामीणों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में उल्लेखित दुनिया में भारत पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये खर्च होने , देश के 11 करोड़ छोटे किसान सरकार की प्राथमिकता और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सवा दो लाख करोड़ की धनराशि सीधे बैंक खातों में भेजने। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ महिला किसानों के बैंक खातों में 54 हजार करोड़ रुपये भेजने। पशुपालकों व मछुआरों को किसानों की तर्ज पर किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने। बाजरे की फसल और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन की नीति। दो वर्षो में 220 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की फ्री डोज देना। आयुष्मान योजना के तहत सभी जरूरतमंदों को फ्री चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने सहित शिक्षा, महिला सुरक्षा, नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर विस्तार के साथ रूचिकर चर्चा हुई।

## जींद में कपड़ा व्यापारी से 15 लाख फिरौती मांगी

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** में जींद के एक कपड़ा व्यापारी से 15 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। फिरौती की रकम 3 दिन में नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना के गांव धमतान साहिब निवासी प्रवीण ने बताया कि उसने अपने गांव में कपड़े की दुकान की हुई है।
24 फरवरी की रात को उसके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे पहले बातों में उलझाया और फिर 15 लाख रुपए की डिमांड की।

# वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ मनाएं होली का पर्व: कृष्णपाल गुर्जर



**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। आप अपने मन की शक्ति तो जानते ही हैं, वैसे ही, समाज की शक्ति से देश की शक्ति बढ़ती है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सैक्टर-28 कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी जी ने आज भारत के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन की बात की थी। उस समय देश में एक लहर सी उठ गई भारतीय खेलों के जुड? की, इनमें रमने की, इन्हें सीखने की। मन की बात में जब भारतीय खिलौनों की बात हुई, तो देश के लोगों ने इसे हाथों-हाथ बढ़ावा दे दिया। अब तो भारतीय खिलौनों का इतना ज्यादा क्रेज हो गया है कि विदेशों में भी इनकी डिमांड बहुत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हम तेजी से आगे बढ़ते हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत कोने-कोने में पहुंच रही है। ई-संजीवनी से

# संत निरंकारी मिशन ने की दमदमा झील की सफाई

## दमदमा झील पर संत निरंकारी मिशन की कार्यकारिणी के सदस्य जोगिंदर मनचंदा ने सतगुरु का आशीर्वाद देते हुए इसका शुभारंभ किया



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
**संत** निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का देश भर में शुभारम्भ किया गया। गुरुग्राम की दमदमा झील पर संत निरंकारी मिशन की कार्यकारिणी के सदस्य जोगिंदर मनचंदा ने सतगुरु का आशीर्वाद देते हुए इसका शुभारंभ किया।
इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह, दमदमा के सरपंच किरणपाल, अभयपुर के सरपंच स्वामी राम, सराय के सरपंच आदि भी उपस्थित रहे। गुरुग्राम सहित आसपास की ब्रांचों के मुखी रजवंत गिल, चंद्रभान गुप्ता, कंवर सिंह यादव, पीसी स्नेही, डॉक्टर सतीश कुमार सहित राजीव नागपाल एवं निरंकारी मिशन के अनेकों सेवादारों ने बढ़-चढ़कर इस सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा समाज कल्याण के लिए जीवन पर्यन्त अनेक कार्य किये गये। वर्ष 1994 से लगातार स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चल रहे हैं। उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में प्रोजेक्ट अमृत का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल तो हर कोई कर सकता है मगर स्वच्छ मन केवल सतगुरु ही कर सकता है। सभी सतगुरु के भक्त है इसलिए यहां पर सभी ने स्वच्छ मन से जल को स्वच्छ करना है और यह कूड़ा किसने फैलाया है, इसके लिए किसी प्रकार की मन में मैल नहीं लानी है। विधायक संजय सिंह ने सोहना विधानसभा क्षेत्र की ओर से निरंकारी मिशन के सेवादारों और साध संगत का अभिनंदन किया। आजादी के अमृत महोत्सव में प्रोजेक्ट अमृत के तहत किए जा रहे जलाशयों की सफाई के लिए संत निरंकारी मिशन की इस अनमोल सेवा कार्य की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के दिव्य दर्शनों व वचनों और निरंकारी कॉलेज सोहना के अपने विद्यार्थी काल का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी अच्छा कार्य करते हैं, परंतु संत निरंकारी मिशन समाज कल्याण में भी बेहतर सेवा कर रहा है। रविवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक गुरुग्राम, सोहना, घामडोज, पटौदी, पालम विहार, चक्करपुर आदि से हजारों निरंकारी भक्तों द्वारा झील तथा उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई। झील व आसपास से बड़ी मात्रा में एकत्र किए गए कूड़े को ट्रैक्टर ट्रॉलियों एवं पिकअप के माध्यम से डंपिंग यार्ड में भेजा गया।

# बच्चों से बोले सिसोदिया: 'मैं जेल से खबर लूंगा..

## बच्चों पढ़ाई में लापरवाही की तो मनीष चाचा छोड़ देंगे खाना', आप पार्षदों को दिल्ली पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई ऑफिस पहुंचे हैं। सिसोदिया के घर से निकलते ही समर्थकों ने उनका अभिवादन किया। इस दौरान समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सीबीआई दफ्तर जाने से पहले सिसोदिया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि राजघाट गए। समर्थकों के साथ सिसोदिया सीबीआई दफ्तर पहुंचे। सिसोदिया ने खुद को भगत सिंह का अनुयायी बताते हुए कहा कि वो देश के लिए शहीद हो गए थे, झूठे आरोपों के लिए जेल जाना बहुत छोटी बात है। सिसोदिया ने कहा कि मैं सीएम केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि भले ही मुझे जेल जाना पड़े लेकिन आप देश की सेवा करते रहिएगा। साथ ही उन्होंने दिल्ली के छात्रों से कहा कि बच्चों पढ़ाई बिल्कुल मेहनत से करनी है। मां-बाप का नाम रोशन करना है और अगर ठीक से नहीं पढ़ाई की तो मुझे तकलीफ होगी और मैं खाना छोड़ दूंगा।





**जीवन में ईमानदारी से काम किया:** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में ईमानदारी से काम किया। उन्होंने दिल्ली के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे से पढ़ना। अगर मैं जेल चला गया और मुझे पता चला कि आपने ठीक से पढ़ाई नहीं की तो मैं खाना छोड़ दूंगा।

**परिवार ने मेरा बहुत साथ दिया:** मेरे दोनों परिवारों (निजी परिवार और दिल्ली की जनता) ने मेरा बहुत साथ दिया था। जब मैं टीवी चैनल में काम करता था तब अच्छी जिंदगी चल रही थी। बाद में मैं वो छोड़कर राजनीति में आया। अब ये मुझे जेल भेजेंगे तो मेरी पत्नी अकेली रहेगी लेकिन मैं नहीं डरता।

**'मैं जेल जाने से नहीं डरता':** मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं जेल जाने से नहीं डरता। इनके झूठे आरोपों के चक्कर में एक-दो बार जेल जाना तो छोटी सी बात है। आगे उन्होने कहा कि 'सरफरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में है'।

### तानाशाही नहीं करेंगे बर्दाश्त: दुर्गेश पाठक

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** नगर निगम के सदन में शुक्रवार को स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव नतीजों को लेकर हुए हंगामे के बाद आप और भाजपा के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को सदन में लड़ाई-झगड़े और मारपीट के बाद सदन को स्थगित कर दिया था और मेयर शैली ओबेरॉय ने सोमवार को नए सिरे से स्थायी समिति के चुनाव कराने की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा ने मेयर के फैसले पर स्टे लगा दिया है। अब जानकारी आ रही है कि दिल्ली पुलिस ने आप के कुछ पार्षदों को हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस जानकारी को आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने दी है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर तस्वीरें साझा कर लिखा- ये दुर्भावनापूर्ण और इमरजेंसी हैं। इंद्रपुरी पार्षद ज्योति गौतम जी वार्ड अध्यक्ष अमर गौतम जी सुभाष नगर पार्षद सुरेंद्र सेठिया हरी नगर से पार्षद लाडिया को पुलिस ने भाजपा के इशारे पर हाउस अरेस्ट किया है।

### समाज के लिए जेल जाना दूषण नहीं, भूषण होता है : केजरीवाल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से पूछताछ कर रही है। इसे लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आशंका जताई कि जांच एजेंसी सीबीआई मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर सकती है। केजरीवाल ने कहा कि उनके सूत्रों ने उन्हें अपने डिप्टी सीएम की गिरफ्तारी के बारे में संभावना जताई है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे पहले, शराब घोटाले जैसी कोई चीज नहीं है। हमने देश में सबसे अच्छी और सबसे पारदर्शी नीति तैयार की है। उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध और



साजिश के परिणामस्वरूप मामले को फंसाया है। मनीष वहां जाएंगे और हम पूरा सहयोग करेंगे। भगवान आपके साथ है मनीष। लाखों बच्चों और उनके पेरेंट्स की दुआयें आपके साथ हैं। जब आप देश और समाज के लिए जेल जाते हैं तो जेल जाना दूषण नहीं, भूषण होता है। प्रभू से कामना करता हूँ कि आप जल्द जेल से लौटें। दिल्ली के बच्चे, पैरेंट्स और हम सब आपका इंतजार करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस देश में गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा देने वाले और उन बच्चों का भविष्य बनाने वाले जेल में हों और अरबों का घोटाला करने वाले प्रधानमंत्री के जिगरी दोस्त हों, वो देश कैसे तरक्की कर सकता है।



विरोध प्रदर्शन कर रहे आप सांसद संजय सिंह को दिल्ली पुलिस के जवान ले जाते हुए।

### फरवरी में बन सकता है अधिकतम तापामान का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली में फ**रवरी माह में तीन दिन से ज्यादा तीस डिग्री से अधिक तापमान रहने का रिकॉर्ड बन सकता है। फरवरी में अब तक तीन दिन पारा 30 डिग्री से ऊपर रहा है। अब यह माह समाप्त होने में महज 2 दिन बाकी हैं और मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 26 फरवरी से 28 फरवरी के बीच तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं, 25 फरवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसका असर तापमान में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिलेगा।

### पत्नी और दो मासूम बेटों की हत्या कर खुदकुशी की कोशिश

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के द्वारका जिले के मोहन गार्डन थाना क्षेत्र के विपिन गार्डन कॉलोनी में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। एक शख्स ने पत्नी और दो मासूम बेटों की हत्या कर दी। फिर खुद की कलाई को काटकर के खुदकुशी करने की कोशिश की। उसे नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस को सुबह 06 बजे के आसपास मामले की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पहुंची तो देखा कि घर के अंदर एक कमरे में महिला और उसके दो बच्चों की बॉडी पड़ी हुई है।





मृतक महिला की पहचान सुनीता के रूप में हुई है। बेटों की पहचान 5 साल के अयांश और 3 महीने के अमय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनीता की शादी राजेश से 8 साल पहले हुई थी। वह जनरल स्टोर चलाता था। हाल में आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए कम्पनी शुरू की थी। कल एक सप्ताह मायके में रहकर सुनीता अपने ससुराल आई थी। कल ही रात उसने वीडियो कॉल पर अपने भाई से बात की थी। क्योंकि उसके छोटे बेटे का तीन महीना पूरा हुआ था। मौके पर मौजूद मृतक सुनीता के भाई अखिलेश ने बताया कि कुछ ना कुछ गड़बड़ है। क्योंकि जब उसे

**जांच जारी**

**= पुलिस टीम मौके पहुंची तो देखा कि घर के अंदर एक कमरे में महिला और उसके दो बच्चों की बॉडी पड़ी हुई है**

पता चला सुबह वहां पहुंचा तो पुलिस ने उसे देखने नहीं दिया। यह पता चला कि आरोपित जीजा राजेश ने ग्लब्स पहनकर तीनों की हत्या की है। पहले से किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं था, अगर ऐसा कुछ होता तो रात में वीडियो कॉल पर उसकी बहन यह सब बताती। फाइनेंशियल्स हालत ठीक थी, या नहीं इसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

### मोदी इस देश के सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री: सिंह

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई के दफ्तर जाएंगे। मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने केन्द्र और पीएम मोदी पर निशाना साधा है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी इस देश के सबसे भ्रष्ट प्रधानमंत्री हैं अदाणी के साथ मिलकर पूरा देश बेच दिया। संजय सिंह ने कहा कि लाखों करोड़ का घोटाला किया अपने घोटालों से ध्यान हटाने के लिये दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को फर्जी बदनाम कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया को गिरफ़्तार कर रहे हैं।

### सचिन का कारनामा: दोस्त से गायब कराई कार, एफआईआर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** दिल्ली के द्वारका इलाके में बीमा की रकम हड़पने के लिए एक व्यक्ति ने दोस्त के साथ मिलकर कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से उसके दोस्त को बामडोली झज्जर से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी और उसके एक साथी की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस की जांच बढ़ने पर आरोपी ने अपनी कार में आग लगा दी। पुलिस जली हुई हॉडा सिटी कार और वारदात में

**गिरफ्तार**

**= बीमा की रकम हड़पने के लिए एक व्यक्ति ने दोस्त के साथ मिलकर कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया**

इस्तेमाल आई10 कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव बामडोली, झज्जर हरियाणा निवासी दीपक के रूप में हुई है। वह पीडीएम कॉलेज से वकालत की पढ़ाई कर रहा है। दो फरवरी को बाबा हरिदास नगर थाने में सचिन



नाम के युवक ने अपनी होंडा सिटी कार चोरी होने की शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि एक फरवरी की रात वह होंडा सिटी कार से उग्रसेन पार्क, गोशाला नंबर दो, नांगलोई-नजफगढ़ रोड, गया था। जहां से किसी ने उसकी कार चुरा ली। मामले की जांच का जिम्मा वाहन चोरी निरोधक शाखा को सौंपी गई। निरीक्षक कमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और एएनपीआर कैमरों (स्वचालित नंबर प्लेट पहचान) की जांच की गई। जिसमें पता चला कि कार चोरी करने के दौरान एक और कार का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस ने झरोदा बार्डर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की आई10 कार की पहचान की।

### दिल्ली में उड़ान नहीं भर पाएगा एम्स का ड्रोन



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मानव** अंगों के परिवहन के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली का ड्रोन उड़ान नहीं भर पाएगा। एम्स ने संजीवनी योजना के तहत मानव अंगों के परिवहन के लिए बीते वर्ष सितंबर में योजना बनाई थी। योजना के तहत एम्स ट्रामा सेंटर, एम्स परिसर से मानव अंगों का परिवहन कर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर (एनआईसी), झज्जर सहित दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में लाना और ले जाना था, लेकिन दिल्ली का क्षेत्र नो फ्लाई जोन होने के कारण इस योजना को मंजूरी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एम्स ने इस योजना को रद्द करने का फैसला किया है।
योजना रद्द होने के बाद एम्स परिसर में होने वाले अंगदान व प्रत्यारोपण के लिए अंगों का

**नो फ्लाई जोन**

**= एम्स ने संजीवनी योजना के तहत मानव अंगों के परिवहन के लिए बीते वर्ष सितंबर में योजना बनाई थी**

परिवहन ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किया जाएगा। एम्स ट्रामा सेंटर सूत्रों के अनुसार परियोजना को मंजूरी न मिल पाने के कारण फिलहाल प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाएगा। बता दें कि दुनिया के कुछ विकसित देशों में प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए मानव अंगों का ड्रोन से परिवहन किया जाता है। भारत में इसके लिए सरकारी अधिकारियों से अनुमति लेनी पड़ती है।
**दक्षिण भारत में शुरू हुई थी सुविधा:** दक्षिण भारत में ड्रोन के माध्यम से अंगों का परिवहन की सुविधा शुरू हो चुकी है।

### आकांक्षा की गुहार: अंकल मेरे पापा और भाई को बचा लो...

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी दिल्ली में आधी रात को रोहतक रोड पर ब्लॉक टाइल लगाने का काम चल रहा था। राजकुमारी सड़क किनारे रखी हुई टाइल उठाने के लिए गई। अचानक एक तेज आवाज आई। उसने देखा कि एक बेकाबू डंपर तेज गति से आया और वह राजकुमारी के आंखों के सामने ही उसके पति और बेटे व बाकी मजदूरों पर पलट गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राजकुमारी भागकर डंपर के पास पहुंची। वह पति और बेटे को डंपर के नीचे से निकालने के लिए गिड़गिड़ाने लगी। लेकिन कोई चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा था। मामले



की सूचना पुलिस को दी गई। करीब 40 मिनट बाद पुलिस, दमकल विभाग के अलावा बाकी बचाव दल पहुंचा। एक घंटे के बाद राजकुमारी के सामने ही उसके पति व बच्चे अनुज की कुचली हुई लाश निकली तो वह होश खो बैठी। रोते हुए राजकुमारी की मासूम बेटी आकांक्षा पुलिस अधिकारियों से बस यही कहे जा रही थी कि 'अंकल प्लीज मेरे पापा और भाई को बुला दो' राजकुमारी के जेठ अरविंद ने बताया कि उनका

**दर्दनाक हादसा**

**= राजकुमारी भागकर डंपर के पास पहुंची। वह पति और बेटे को डंपर के नीचे से निकालने के लिए गिड़गिड़ाने लगी**

परिवार मऊरानी, पटवा, झांसी उत्तर-प्रदेश का रहने वाला है। गांव में बुजुर्ग पिता प्रभु दयाल हैं। वह खुद नजफगढ़ में मजदूरी करता है। छोटा भाई हरिओम उर्फ किल्लू पत्नी राजकुमारी और दोनों बच्चों अनुज और आकंक्षा के साथ आनंद पर्वत में टाइल लगाने का काम कर रहा था। परिवार पास के एक पार्क में टेंट लगाकर रह रहा था

### इंस्टाग्राम पर लड़कियों ब्लैकमेल करने वाले डिजाइनर गिरफ्तार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** पुलिस ने रविवार को एक 32 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर को पुलिस ने इंस्टाग्राम पर लड़कियों को परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इंस्टाग्राम पर युवा लड़कियों को परेशान करने और उनका यौन उत्पीड़न करने वाले एक 32 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को शनिवार को पकड़ा गया था और वह पेशे से फर्नीचर डिजाइनर है जो कई बड़ी फर्मों के लिए काम कर चुका है। पुलिस ने कहा कि आरोपी लड़कों को फंसाने के लिए खुद को युवा महिला बताकर इंस्टाग्राम पर

**शिकंजा**

**= इंस्टाग्राम पर युवा लड़कियों को परेशान करने और उनका यौन उत्पीड़न करने वाले डिजाइनर को गिरफ्तार किया है**

कई फर्जी प्रोफाइल बनाते थे और फिर उनसे अपनी गर्लफ्रेंड की निजी तस्वीरें और वीडियो प्राप्त करते थे। पुलिस के मुताबिक, लड़कियों के फोटो/वीडियो हासिल करने के बाद आरोपी अन्य फर्जी प्रोफाइल का इस्तेमाल कर उन्हें (लड़कियों को) इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजते थे और उनकी निजी तस्वीरों और वीडियो से उन्हें ब्लैकमेल करते थे।

### दिल्ली दंगा: मेडिकल स्टोर फूंकने वाले 9 आरोपी बरी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**साल 2**020 में दिल्ली में हुए दंगों के दौरान भीड़ ने एक मेडिकल स्टोर को आग लगा दी थी। अब इस मामले में अदालत ने पर्याप्त गवाह न होने की वजह से नौ लोगों को बरी कर दिया है। अदालत 25 फरवरी, 2020 को भागीरथी विहार के बृजपुरी रोड पर एक मेडिकल स्टोर में आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा होने के आरोपी नौ लोगों के खिलाफ एक मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कि एक गवाह की एकमात्र गवाही आरोपियों के वहां उनकी उपस्थिति मानने के लिए पर्याप्त नहीं थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने हाल के एक आदेश में कहा, "मैंने पाया है कि सभी आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोप संदेह से परे साबित नहीं हुए हैं। इसलिए, आरोपियों को इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।"
न्यायाधीश ने कहा कि यह "अच्छी तरह से पता था कि एक गैरकानूनी सभा दंगे, तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल थी, लेकिन अभियुक्त की पहचान के लिए शिकायतकर्ता सहित तीन सार्वजनिक गवाहों ने अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया और उन्हें पक्षद्रोही घोषित कर दिया गया।

### आईटीओ से डीपीएस तक मथुरा रोड सिग्नल फ्री, चालकों के लिए लगाए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आईटीओ से लेकर डीपीएस स्कूल तक मथुरा रोड (दोनों कैरिज्वे) को सिग्नल फ्री कर दिया गया है। मथुरा रोड पर सभी कट (ट्रैफिक सिग्नल) बंद कर दिए गए हैं। मथुरा रोड पर लगने वाले जाम को देखते हुए ये फैसला किया गया है। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) सुरेंद्र सिंह यादव ने मथुरा रोड का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों व स्थानीय निकायों के अधिकारियों ने बैठक कर मथुरा रोड को सिग्नल फ्री करने का फैसला किया। मथुरा रोड पर लोगों की सहूलियत के लिए दिशा निर्देश साइनेज व बोर्ड लगाए गए हैं। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि लोगों के लिए साइनेज लगाए गए हैं। ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। डीपीएस



स्कूल, चिड़ियाघर के पास, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया और प्रगति मैदान के गेट नंबर -10 के पास कुल चार अंडरपास हैं। लाजपत नगर की तरफ से लाला लाजपत राय मार्ग पर डीपीएस स्कूल की तरफ जाने वाला कट बंद कर दिया है। अब लोग कुछ दूर जाकर अंडरपास-1 से यू-टर्न लेकर डीपीएस स्कूल व निजामुद्दीन जा सकते हैं। दूसरा, चिड़िया घर के सामने से जाकिर हुसैन मार्ग की तरफ वाले वाला कट बंद कर दिया गया है। अब प्रगति मैदान व आईटीओ से आकर जाकिर हुसैन मार्ग की तरफ व खान मार्केट जाने वाले लोग अंडरपास-2 से यू-टर्न लेकर जा सकते हैं। तीसरा, भैरो मार्ग व आईटीओ से आकर हाईकोर्ट व इंडिया गेट वाला कट भी बंद कर दिया गया है। भैरों मार्ग व आईटीओ से आने वाले लोग अंडरपास-2 से यू-टर्न लेकर शेरशाह रोड होकर इंडिया गेट जा सकते हैं। इंडिया गेट से शेरशाह रोड होकर मथुरा रोड से दाएं चिड़ियाघर व लाजपत नगर जाने वाला कट बंद दिया गया है। लोग अंडरपास-3 से यू-टर्न लेकर जा सकते हैं। भगवान दास रोड से भैरो मार्ग की तरफ मथुरा रोड पर कट बंद कर दिया गया है। अब लोग अंडरपास-4 से यू-टर्न लेकर जा सकते हैं।

**राहत की उम्मीद**

**= मथुरा रोड पर लगने वाले जाम को देखते हुए ये फैसला किया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) सुरेंद्र सिंह यादव ने मथुरा रोड का जायजा लिया**

**पहले भी सिग्नल फ्री करने की कोशिश की गई थी:** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के अनुसार कुछ महीने पहले भी मथुरा रोड को सिग्नल फ्री करने की कोशिश की गई थी। मथुरा रोड को सिग्नल फ्री करने के लिए मथुरा रोड पर सभी कट को अस्थायी बेरीकेड लगाकर बंद कर दिया गया था। मगर ये कोशिश कामयाब नहीं हुई थी।

# सेना ने पहली बार शुरू की महिलाओं की कमांड भूमिकाओं में तैनाती

## पूर्वी कमान में तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** भारतीय सेना में कमांड भूमिकाओं के लिए 30 से अधिक महिला अधिकारियों की तैनाती के लिए मंजूरी मिलने के बाद अब उनकी तैनाती भी शुरू कर दी गई है। सेना की पूर्वी कमान में पहली बार तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया है, जिन्होंने संबंधित सेना इकाइयों में कमांडिंग अधिकारियों के रूप में पदभार संभाल लिया है। महिला अधिकारियों को कर्नल पद पर प्रोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड गठित होने के बाद महिला अधिकारियों को कमांड रोल्स दिए जा रहे हैं। भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पहली बार कमांड भूमिकाओं पर 30 से अधिक महिला



अधिकारियों की तैनाती को मंजूरी दी गई है। इन महिला अधिकारियों को कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स, सिग्नल, आयुध और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर कोर में तैनात किया जाना है। यह पहली बार है कि भारतीय सेना में इंजीनियर्स, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आर्मी एयर डिफेंस, आयुध और सेवा सहित शाखाओं में कमांड भूमिकाओं के लिए महिला अधिकारियों का चयन किया जा रहा है। आर्मी चयन बोर्ड से पास होने वाली महिला अधिकारियों को कमांड की भूमिका दी जाएगी। उन्हें भविष्य में इससे उच्च रैंक पर पदोन्नत किया जा सकता है। इसी तरह कर्नल रैंक पर कमांड

**8 सेना की पूर्वी कमान में पहली बार तीन महिला अधिकारियों को कमांड भूमिका में तैनात किया गया**

असाइनमेंट के लिए महिला अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। भारतीय सेना में 108 महिला अधिकारियों को कर्नल रैंक पर पदोन्नत करने के लिए आर्मी चयन बोर्ड का गठन कर दिया गया है। यह बोर्ड 108 महिला अधिकारियों को सैन्य खुफिया और इंजीनियरों सहित विभिन्न शाखाओं में कर्नल के रूप में पदोन्नत करने के लिए तैयार है। इसके अलावा महिला अधिकारियों को भारतीय सेना की कोर ऑफ आर्टिलरी में कमीशन देने का फैसला लिया है। इस बारे में एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जिस पर सेनाध्यक्ष ने जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई है। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों को मेडिकल स्ट्रीम के बाहर पहली बार भूमिकाओं की कमान सौंपना शुरू कर दिया है। इनमें उत्तरी और पूर्वी कमांड के लगभग 50 परिचालन क्षेत्र ऐसे हैं, जो चीन के साथ भारत की सीमाओं की रखवाली के लिए जिम्मेदार हैं। चयन बोर्ड ने कमांड असाइनमेंट के लिए 1992 से 2006 के बैच में से 244 महिलाओं का चयन किया है, जिन्हें इंजीनियर, सिग्नल, आर्मी एयर डिफेंस, इंटेलिजेंस कॉर्प्स, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डिनेंस कॉर्प्स सहित विभिन्न हथियारों और सेवाओं में कमीशन किया गया था।

# पानीपत में नौल्था में माजरा मोड़ पर पेट्रोल पंप पर लगी आग

## शॉर्ट सर्किट से स्टोर रूम में भडकी आग, फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने पाया काबू



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** पानीपत में रोहतक हाईवे पर गांव नौल्था में माजरा मोड़ स्थित एक पेट्रोल पंप के स्टोर रूम में शार्ट सर्किट से रविवार शाम को करीब 4 बजे आग लग गई। जिससे वहां रखा मोबिल ऑयल और एड वन ऑयल जल गया। वहीं आग व धुआं उठते देख कर्मचारियों ने इसकी सूचना तुरंत पेट्रोल पंप मालिक नवीन जुनेजा को दी। पेट्रोल पंप संचालक जुनेजा ने तुरंत इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की एक के बाद एक करके तीन गाडियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की गाडियों ने आग पर काबू पाया।

हालांकि गनीमत यह रही कि आग को तुरंत काबू कर लिया गया। गांव नौल्था स्थित माजरा मोड़ पर किसान फीलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप है और उसके संचालक मॉडल टाउन निवासी नवीन जुनेजा है। वहीं नवीन जुनेजा ने बताया कि फायर बिग्रेड की गाडि?ों को पानीपत से आने में काफी समय लगता है। इसलिये सरकार व जिला प्रशासन से मांग है कि फायर बिग्रेड की एक गाड़ी को इसराना या नौल्था में खड़ा करना चाहिये ताकि किसी भी आगजनी के समय जल्द ही मौके पर पहुंच सके। उन्होंने बताया कि आग का प्रारंभिक कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है और आग से मोबिल ऑयल और एड वन ऑयल जला है।

# बाबा खाटू वाले श्याम करेंगे सब की मनोकामना पूरीः कांग्रेस नेता

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** पानीपत शहर के जाटल रोड पर शनिवार देर शाम को यूथ भाईचारा सेवा समिति द्वारा फाल्गुन महोत्सव मनाते हुए बाबा श्याम का पहला संकीर्तन करवाया गया। जिसमें पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संस्था के सभी सदस्यों द्वारा कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल का फूलमालाओं से स्वागत किया और उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं संजय अग्रवाल ने श्याम

**8 यूथ भाईचारा सेवा समिति द्वारा फाल्गुन महोत्सव मनाते हुए बाबा श्याम का पहला संकीर्तन करवाया गया**

बाबा के भक्तों को कहा कि जिस प्रकार से पानीपत एक उद्योग नगरी है लेकिन आज पानीपत उद्योग नगरी के साथ-साथ विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक नगरी बन गया है। पानीपत शहर के अंदर एक भी दिन ऐसा नहीं जाता, जिस दिन कोई न कोई धार्मिक कार्य न होता हो।

# गांधी परिवार पर बरसे बीजेपी नेता संबित पात्रा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भाजपा ने कहा कि पूरी दुनिया आज हिंदुस्तान को 'ब्राइट स्पॉट' कह रही है और कांग्रेस 'हिंदुस्तान बर्बाद हो गया' जैसे विषयों को अपने भाषणों में शामिल कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर प्रहार करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहले तिरंगा नहीं लहराता था... आज अगर उसी कश्मीर में कांग्रेस पार्टी को हजारों-हजार तिरंगे दिख रहे हैं तो इसके पीछे क्या कारण हैं? इसका भी राहुल गांधी जी को चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा



कि पहली बार राहुल गांधी ने यह स्वीकार किया कि मोदी सरकार ने क्या हासिल किया है। वह अपनी यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर पहुंचे और चारों तरफ तिरंगे को देखा।

**सुशासन के चलते लाल चौक पर है तिरंगा**

**पीएम** मोदी के नेतृत्व में सक्षम है भारतः संबित पात्रा ने कहा कि कौन कमजोर है और कौन शक्तिशाली है, ये राहुल गांधी जी बताना बंद करें। जहां तक भारत की संप्रभुता का विषय है आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक सक्षम देश है, जिसमें सेना को 'फ्री हैंड' है। उन्होंने कहा कि जहां तक जिम्मेदारी का सवाल है... गांधी परिवार का एक ही सिद्धांत है- पावर विदाउट रिस्पांसिबिलिटी... जिम्मेदारी लेंगे नहीं, लेकिन सत्ता चाहिए। इस अधिवेशन में भी कमल की पंखुड़ियां बिछाई जा रही हैं ताकि गांधी परिवार इन पर चल सके।

**8 कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भाजपा ने कहा कि पूरी दुनिया आज हिंदुस्तान को 'ब्राइट स्पॉट' कह रही है**

# आयूर योग एक्सपो में एमिल फार्मा के स्टाल पर पहुँचे मंत्री

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चार दिवसीय आयुर योग एक्सपो का आयोजन किया गया है जिसमें देश भर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और दवाएं बनाने वाली कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इसका उद्घाटन करते हुए केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आयुर्वेद में हर बीमारी का इलाज है और पूरी दुनिया आज आयुर्वेद की तरफ लौट रही है। इसलिए इस क्षेत्र में नये अनुसंधान किए जाने की जरूरत है। एक्सपो में देश की मशहूर आयुर्वेद कंपनी ने अपने स्टाल लगाए हैं जिनमें उन्होंने अपने अनुसंधानों एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया है। नई दिल्ली स्थिति एमिल फार्मास्युटिकल के स्टाल में उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा पहुंचे और उन्होंने कंपनी के उत्पादों को देखा और सराहा।


**नौएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ०प्र०
वेबसाईट : www.noidaauthorityonline.com

**अल्प कालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट **Website: www.noidaauthorityonline.com** एवं **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | धनराशि | प्रकाशित |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 23/एसपीई/पीई(पीएच-I)/ई0टी0/2022-23 | जन स्वास्थ्य विभाग खण्ड-प्रथम के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के दृष्टिगत थीम पेन्टिंग का कार्य। | 21.25 लाख | प्रथम बार |
| (2) | 27/एसपीई/पीई(पीएच-II)/ई0टी0/2022-23 | जन स्वास्थ्य विभाग खण्ड-द्वितीय के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के दृष्टिगत थीम पेन्टिंग का कार्य। | 21.25 लाख | प्रथम बार |

उपरोक्त निविदाओं को **दिनांक 27.02.2023 से 06.03.2023 को 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन **दिनांक 08.03.2023 को 11.00 बजे** खोली जायेगी।

कार्यालयः सैक्टर-94

उप महाप्रबन्धक/वरिष्ठ परियोजना अभियन्ता (जन स्वास्थ्य) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


# देश के कई हिस्सों में हुई बरसात

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री सेल्सियस अधिक 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान देश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिन में आसमान साफ रहेगा। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 94 प्रतिशत दर्ज की गई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 275 रहा।

# 'कोबरा योद्धा अभ्यास' में भाग लेने रवाना हुए 145 वायु योद्धा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** लंदन के वैडिंगटन में 06 से 24 मार्च तक बहुराष्ट्रीय 'कोबरा योद्धा अभ्यास' होगा। इस अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय वायु सेना रविवार को गुजरात के जामनगर वायु सेना स्टेशन से 145 एयर वॉरियर्स के साथ रवाना हो गई है। इस अभ्यास में भारत के 5 मिराज-2000, दो सी-17 ग्लोबमास्टर और एक मिड एयर रिफ्यूलर विमान आईएल-78 हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाली वायु सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है, जिससे युद्ध क्षमता में वृद्धि और दोस्ती के बंधन मजबूत होंगे।



वायुसेना प्रवक्ता के मुताबिक रॉयल एयर फोर्स की मेजबानी में होने वाला यह बहुपक्षीय वायु अभ्यास है, जिसमें फिनलैंड, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका और सिंगापुर की वायु सेनाएं भी भाग लेंगी। बहुराष्ट्रीय 'कोबरा योद्धा अभ्यास' का उद्देश्य भाग लेने वाली वायु सेनाओं के बीच एक-दूसरे से अपने-अपने ऑपरेशनल अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है, जिससे युद्ध क्षमता में वृद्धि और दोस्ती के बंधन मजबूत होंगे। यह वायु सेनाओं के लिए अपनी गतिशीलता और परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच होगा। 'कोबरा योद्धा अभ्यास' के दौरान भारतीय वायु सेना के पांच मिराज-2000 लड़ाकू विमान यूनाइटेड किंगडम के आसमान में उड़ान भरेंगे। परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इंडक्शन और डी-इंडक्शन के लिए वायुसेना को आवश्यक परिवहन सहायता देगा। इसके अलावा मिड एयर रिफ्यूलर विमान आईएल-78 अभ्यास में मध्य हवा में ईंधन भरने का प्रदर्शन करेगा। आमतौर पर भारतीय वायुसेना विदेशी अभ्यासों के लिए अपने रूसी लड़ाकू विमान सुखोई-30एमकेआई को भेजती है।

# जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने पिछले 9 वर्षों में तेजी से विकास कियाः जितेन्द्र

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने पिछले 9 वर्षों में तेजी से विकास किया है और भारत को अब दुनिया के शीर्ष 12 जैव प्रौद्योगिकी स्थलों में से एक माना जा रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी (एनआईआई,) दिल्ली में मुख्य अतिथि के रूप में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के 37वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र पिछले तीन दशकों में विकसित हुआ है।

# दीपक शर्मा बने जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति के प्रधान

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा दूसरा विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पूर्व प्रधान सोमनाथ चौधरी ने बताया कि पिछले 2 सालों से लगातार यह संस्था सामाजिक एवं धार्मिक कामों में बढ़ चढकर हिस्सा ले रही है। आज पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने दीपक शर्मा को पगड़ी पहनाकर प्रधान पद की जिम्मेवारी सौंप दी है। वहीं संस्था की



जिम्मेदारी मिलने के बाद दीपक शर्मा ने वादा किया कि मैं अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण रूप से करूंगा। हर साल पानीपत वासियों को मां वैष्णो के दर्शन कराते रहेंगे व समाज की भलाई का जो भी कार्य होगा संस्था के साथियों के साथ मिलकर पूरा करेंगे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मै जोकि सतीश कुमार पुत्र चन्द्रभान लूथरा निवासी मकान नंबर 932/12, सिक्का कॉलोनी नजदीक विवेकानंद चौक सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरा नाम सतीश कुमार हैं। मैने अपना नाम सतीश कुमार से बदलकर सतीश कुमार लूथरा कर लिया है। भविष्य में मुझे सतीश कुमार लूथरा के नाम से जाना जाये।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क पार कर रहे युवक की हादसे में मौत

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टैक्सी स्टैंड के सामने रविवार की सुबह सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव खिटावटा निवासी भूपराम पुत्र गुलाब (25) अपने गांव से कोसीकलां कंप्यूटर की कोचिंग करने के लिए आता था। रविवार की सुबह करीब आठ बजे वह हाईवे पर टैक्सी स्टेंड के सामने से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक हो गयी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और मृतक के पास मिले कागजातों के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तीन मार्च को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेगी अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

**मथुरा।** रामकृष्ण मिशन के सेवा प्रकल्प में जल्द ही एक नया आयाम जुड़ने जा रहा है। नवनिर्मित अत्याधुनिक अन्नपूर्णा धाम का लोकार्पण तीन मार्च को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। मिशन प्रबंधन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के प्रमुख रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल द्वारा विगत करीब 115 वर्षो से नर सेवा नारायण सेवा को ध्येय वाक्य बनाते हुए सेवा के नए आयाम लगातार स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब अस्पताल के मरीजों और उनके तीमारदारों को प्रतिदिन संस्थान से वितरित किए जाने वाले भोजन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक रसोई घर और भोजन कक्ष का निर्माण किया गया है। जिसका विधिवत लोकार्पण प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा किया जाएगा। मिशन के सचिव स्वामी कृष्णकाली महाराज ने बताया कि इस अन्नपूर्णा धाम की धाम की खासियत यह है कि इसमें साधु,चिकित्सक, कर्मचारी, मरीज और उनके तीमारदार के लिए एक सा भोजन परोसा जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा लोकार्पण समारोह की तैयारिया शुरू कर दी गई है।

### वाहन ने बाइक सवारों में मारी टक्कर, दो हुए घायल

**मथुरा।** पानीगांव संपर्क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों में टक्कर मार दी। जिससे दोनो बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हे सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से संयुक्त अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जिसमे एक ही हालत बिगड़ने पर उसे रैफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गिर्राज नगर कालोनी निवासी राजू अपने साथी चंदा के साथ पानीगांव से वृंदावन की ओर आ रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसमे टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। जब तक की वह कुछ समझ पाते तब तक वाहन चालक फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची इलाका पुलिस ने उन्हें राहगीरों की मदद से संयुक्त अस्पताल में भर्ती करा दिया। घटना में घायल राजू का पैर टूट जाने से उसे रेफर कर दिया गया। जबकि उसके दूसरे साथी चंदा का चिकित्सको द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### चोरी के ट्रैक्टर के साथ पकड़ा

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीताराम पुत्र भिक्को निवासी उमराया थाना छाता को चोरी के ट्रेक्टर के साथ सेमरी अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया।

### दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना महावन पुलिस टीम ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आजाद पुत्र अनीस उर्फ सटुआ तथा सोहिल पुत्र रहीस उर्फ कुल्लू निवासी निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा व थाना महावन को तहसील के पास बनी गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया।

### 3381 लीटर शराब कराई नष्ट

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ पुलिस ने कुल 3381 लीटर शराब का विनिष्टीकरण कराया। थाना शेरगढ़ के 14 आबकारी मालों के विनिष्टीकरण के लिए गठित टीम के अधिकारी सहायक अभियोजन अधिकारी संजय कुमार, आबकारी निरीक्षक आरती, वरिष्ठ सहायक न्यायिक मजिस्ट्रेट छाता सतीश कुमार, थानाध्यक्ष शेरगढ सोनू कुमार की उपस्थिति में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 14 आबकारी के मालों का विनिष्टीकरण थाना गेट के बगल में बाहर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर 2880 लीटर अंग्रेजी शराब 356 लीटर देशी शराब 145 लीटर कच्ची शराब कुल 3381 लीटर अवैध शराब गड्ढे में डालकर आग लगाकर विनिष्टीकरण कराया गया।

# यादव समाज अम्बाला छावनी की शान: अनिल विज

## अम्बाला छावनी में पहले बिजली और पानी दो बड़ी समस्याएं थी, मगर इन दोनों समस्याओं को उन्होंने दूर किया: अनिल विज





**अम्बाला/मनीष कुमार**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि यादव समाज अम्बाला छावनी की शान है और एक मजबूत एवं सुसंस्कृत समाज है। अम्बाला छावनी को अच्छा शहर कहलवाने में यादव समाज का बहुत बड़ा योगदान। विज रविवार दोपहर यादव धर्मशाला में यादव सभा के वार्षिक परिवार मिलन समारोह में बतौर मुख्यतिथि समाज के सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा अक्सर संस्थाएं आपस में मिलती है, लेकिन परिवारों को आपस में कभी नहीं मिलवाते और यह कमी संस्थाओं में है। मगर, यादव सभा ने अच्छा कार्य करते हुए परिवार के लोगों, महिलाओं व बच्चों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान किया। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी अच्छा बने इसकी पहचान हो, उसके लिए वह लोगों के सहयोग से पूर्ण कोशिश कर रहे हैं। अम्बाला छावनी में अब तक स्वास्थ्य, खेलों एवं अन्य क्षेत्रों में कई विकास कार्य हुए और विकास के मामले में अम्बाला निरंतर आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री विज ने यादव सभा को अपने कोष से दस लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले गृह मंत्री अनिल विज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर यादव सभा द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। सभा की ओर से उन्हें पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि वह पहली बार जब विधायक बने तो उन्होंने देखा कि अम्बाला छावनी में पेयजल और बिजली रूपी दो बड़ी समस्याएं थी। छावनी के जितने झगड़े होते थे, वह पानी पीने के नलके पर होते थे और दूसरा जितने प्रदर्शन होते थे वह बिजली नहीं आने के कारण होते थे। इन दोनों बातों को उन्होंने देखा और इसका समाधान किया। छावनी में ट्यूबवेल आधारित पेयजल व्यवस्था थी और जमीन का जलस्तर नियमित नीचे जा रहा था। वह 18 किमी. दूर से नहरी पानी लेकर आए और आज घर-घर में पानी पहुंच रहा है। अम्बाला छावनी का दायरा बढ़ और कुछ गांव शामिल हो गए, इस वजह से एक नई पानी की पाइप लाइन डाली जा रही है ताकि कोई समस्या न रहे। इसी तरह, बिजली समस्या पर उन्होंने अध्ययन किया तो पता चला कि अम्बाला छावनी में बिजली भाखड़ा से मिलती थी और ज्यादा लोड होने पर अम्बाला छावनी की बिजली काट दी जाती थी। कभी किसी ने नहीं सोचा कि अम्बाला छावनी को बाकि हरियाणा से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने छावनी में दो 66केवीए के सर्किट अम्बाला छावनी से शाहबाद तक लगवाए ताकि हरियाणा की बिजली भी हमारे पास आ सके। इसी तरह तेपला में 220केवीए का सब-स्टेशन लगाया जहां से अम्बाला छावनी तक बिजली की आपूर्ति की गई। अब अम्बाला छावनी में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। विज ने कहा कि अम्बाला छावनी का सिविल अस्पताल पहले टूटा-फूटा था और उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए वह सिविल अस्पताल की फाइल थी। पुराने अस्पताल में प्रतिदिन 152 ओपीडी थी, मगर सुविधाओं में इजाफा करने से आज ओपीडी 3 हजार पहुंच गई है। पहले पट्टी तक नहीं होती थी।

## चोरी में महिला को जेल भेजा




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बलदेव पुलिस को चोरी की घटना का खुलासा करने में सफलता मिली है। दाऊजी मंदिर में चोरी करने के आरोप में एक महिला चोर को चोरी के रुपयों सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में चोरों, लुटेरों तथा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में हैड कांस्टेबल रंजीत सिंह व महिला कांस्टेबल नीमांचल यादव ने दाऊजी महाराज मन्दिर से दर्शन करने आये श्रद्धालु की चोरी करने वाली एक महिला चोर को दाऊजी मंदिर से गिरफ्तार किया। कृष्णकांत पाण्डेय पुत्र गोपी मोहन पांडेय निवासी बीच का पौठा कस्बा वथाना बलदेव के दर्शन करते वक्त कुर्ता की साइड की जेब से 470 रुपये व आधार कार्ड चोरी हो गए थे। महिला की तलाशी में उसके पर्स में दो डिब्बी सिन्दूर, दो पत्ता बिन्दी, नौ सेफ्टी पिन एक लिपिस्टिक, एक सिन्दूर गीला एक शीशा गुलाबी रंग का एक कंघा, दो पुडिया तम्बाकू बरामद हुआ।

## अवैध शराब की तस्करी करने वालों पर अंबाला पुलिस ने कसा शिकंजा

**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक, अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान (24 बोतल) अवैध अग्रेंजी शराब, अवैध चाकू, 03 लाख 75 हजार 105 रुपए के करंसी नोट, 765 पाउण्ड इग्लैण्ड, 49 अमेरिकन व 620 कनेडियन डॉलर व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी सहित आरोपी को गिरफ्तार किया । अवैध शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 24 फरवरी 2023 की तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल सूद उर्फ चडडा निवासी अहलुवालिया बिल्डिंग अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को 24 बोतल) अवैध अग्रेंजी शराब, अवैध चाकू, 03 लाख 75 हजार 105 रुपए के करंसी नोट, 765 पाउण्ड इग्लैण्ड, 49 अमेरिकन व 620 कनेडियन डॉलर व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया।

## 270 लोगों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ



**अम्बाला (मनीष कुमार)**
पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप देव समाज गर्ल्स कालेज (लाहौर), कपड़ा मार्कीट में लगाया गया। कैंप का 270 लोगों ने लाभ उठाया। कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में कपिल आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ तुषार गोयल ने 82 लोगों की आंखें जांचीं व उन्हें परामर्श दिया। जिन रोगियों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया है उनके लैंस कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डाले जाएंगे। वहीं, मिशन(फिलाडेल्फिया) अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संदीप गोयल ने 26 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को चैक किया। पुरी क्लीनिक से डा. मनी पुरी ने 56 लोगों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया।

# यातायात पुलिस अम्बाला ने किए 57 भारी वाहनों के चालान

## पुलिस अधीक्षक, अम्बाला के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतू अब तक 12691 भारी वाहनों के किए जा चुके चालान



**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 25 फरवरी 2023 को 57 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 294 दिनों में 12691 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए आज दिनांक 25 फरवरी 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 57 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

## ग्रामीण बोले फ्री वाले राशन का पैसा लेता है डीलर



**मथुराः** ग्राम दौताना के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राशन डीलर फ्री का राशन देने के ऐवज में भी पैसे मांगता है। ग्राम दौताना राशन डीलर की शिकायत लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण आपूर्ति कार्यालय छाता जा पहुंचे और राशन डीलर द्वारा राशन नहीं देने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर जिन लोगों को राशन देता भी है तो घटतौली करता है। कार्ड धारकों के साथ अभद्रता के साथ बात करता है। सरकार के द्वारा फ्री में दिए जाने वाले राशन का भी पैसा ले लेता है। ग्रामीणों ने बताया कि उसके गांव में नगमा नाम से राशन की दुकान है। जिसे उसके पति मुफीद संचालित करते हैं। यह राशन डीलर गरीबों के राशन को डकार रहा है। जब से यह राशन की दुकान आई है तभी से इसकी शिकायत जारी हैं। यह डीलर अपनी मर्जी से राशन को बाटता है कोई कुछ भी इनके सामने बोलता है उसे गाली गलौज देकर भगा देता है। आपूर्ति निरीक्षक मोहन प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि आज दोताना डीलर की शिकायत लेकर लोग कार्यालय पर आए हुए हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते निष्पक्षता के साथ जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जान से मारने की धमकी देने के मामले में पाचँवा आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 24 फरवरी 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मंगल नाथ निवासी मिलाप नगर अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता विरेश शांडिल्य निवासी पालिका विहार अम्बाला शहर ने 04 फरवरी 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 04 फरवरी 2023 को किन्हीं चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसके कार्यालय पर हमला कर तोड़फोड़ करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी है।

## आप ने दिलाई संविधान की रक्षा करने की शपथ



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अशोक विहार शिवजी का नगला मनीष पुरम में तिरंगा शाखाओं का आयोजन किया गया। अशोक विहार में तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने शाखा सेवियों को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई तथा संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। शाखा प्रमुख देवेंद्र सैनी ने समवेत राष्ट्रीय गान गाया। डाढरा मोहल्ला के निवासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि निगम नगर निगम द्वारा पानी की पाइप लाइन में लीकेज को तो रोक दिया गया है लेकिन पीने लायक शुद्ध पानी पाइप लाइन से नहीं मिल रहा है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। इस समस्या को शीघ्र ही नगर निगम के संज्ञान में लाए जाने का फैसला किया गया। इसी क्रम में बाढ़पुरा स्थित घर घर जल योजना के अंतर्गत तीन वर्ष पूर्व डाली गई पाइप लाइन में अभी तक पेयजल सप्लाई न होने से नागरिकों में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं तथा उनके द्वारा शीघ्र ही शिकायतों का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद तीन महीने से समस्या का समाधान नहीं हुआ है। समस्याओं के संबंध में शीघ्र ही निगम प्रशासन से मुलाकात कर समाधान कराने का आश्वासन जिला प्रमुख सुरेश कुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज यूथ विंग राज्य कमेटी के पूर्व सदस्य आदेश शर्मा शाखा प्रमुख अंसार शाह अल्वी दिनेश चंद सैनी अशोक माहोर अर्जुन जगदीश सैनी डालचंद माहोर जीतू सैनी सर्वेश यादव विजेंद्र कालीचरण यशोदा देवी द्रोपदी देवी विमला देवी आदि उपस्थित थे।

# प्राइमरी स्कूलों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स सप्ताह में होंगे पूरे



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के कायाकल्प के संबंध में राजीव भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक निर्माण, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त स्कूल में कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी नौहझील राज लक्ष्मी पांडे द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न करने के निर्देश दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी चैमुंहा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी मथुरा अवगत कराई गई। कायाकल्प की सूचना में भिन्नता के दृष्टिगत सिहाना, विरहना, गांगरोली एवं बिलोड़ा के स्कूल में कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों की जांच उपायुक्त श्रम रोजगार से कराये जाने के लिए निर्देश दिए। कायाकल्प की अद्यतन सूचना सही से तैयार न करने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अद्यतन सूचना तैयार कर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। साथ ही समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैठक में आने से पूर्व कायाकल्प के अंतर्गत स्कूलों में कराए जाने वाले कार्यों की अद्यतन सूचना का अवलोकन कर पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में विकासखंड नौझील के खण्ड विकास अधिकारी ऋषि पाल को उनके द्वारा विभागीय योजनाओं और विकास खंड के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों को समय से संपादित कराए जाने तथा उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निदेर्शों का समय से अनुपालन करने के संबंध में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# वात्सल्य ग्राम में 10 डॉक्टरों की टीम ने 306 सफल ऑपरेशन किए



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वात्सल्य ग्राम स्थित प्रेमवती गुप्ता नेत्र चिकित्सालय में 48 वां निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का दो दिवसीय आयोजन चश्मा एवं औषधि वितरण के साथ संपन्न हुआ। मोतियाबिंद शिविर में 365 रोगियों का पंजीकरण हुआ जिसमें 306 मोतियाबिंद रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया। साध्वी ऋतंभरा ने मरीजों का हाल चाल लेते हुए कहा कि हम ईश्वर को नहीं देख सकते उसकी रचन में उसके दर्शन किए जा सकते हैं। इसलिए नेत्रों का हमारे जीवन में अमूल्य महत्व है। वही डॉ. श्याम अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरीब असहाय बेसहारा लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करना है। बड़े अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा पाते ऐसे लोगों के मुंबई से 10 डॉक्टरों की टीम ने 306 सफल ऑपरेशन किए हैं। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी पुलकित खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वात्सल्य ग्राम में लगने वाले निशुल्क कैंप को देखकर लगा सच्ची सेवा का स्वरूप होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से जनपद में प्रचार किया जाएगा।

## संपादकीय

# ग्रामीण भारत में ठोस कचरा प्रबंधन की जरूरत

**भारतवर्ष** में प्रतिदिन 280 मिलियन टन ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसमें से 109.5 मिलियन टन ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है । ग्रामीण भारत में तेजी से बदलती जीवन शैली के चलते शहरी सुविधाएं और उपभोक्ता वस्तुएं सुदूर ग्रामों तक पंहुच रही हैं। इस कारण एक बार प्रयोग होने वाला प्लास्टिक और अन्य भारी पैकिंग में प्रयोग होने वाला प्लास्टिक, दवाई की बोतलें, शीशा, आदि दूरदराज के गांव तक पंहुच रहा है। गांव में कोई कचरा प्रबंधन व्यवस्था न होने के कारण यह काम केवल अनौपचारिक कबाड़ियों के ही भरोसे है। कबाड़ी भी हर प्रकार का ठोस कचरा स्वीकार नहीं करते हैं । केवल वही कचरा लेते हैं जिसकी पुनः चक्रीकरण बाजार में अच्छी मांग है । इस तरह केवल 10 फीसद कचरा ही उठ पाता है। शेष सड़कों, खेतों, सिंचाई व्यवस्था और नदियों में खप रहा है। आम लोगों को जहां कचरा परेशानी देता है, वह उसे एकत्र कर जला देते हैं। उन्हें जरा भी इस बात का भान नहीं है कि प्लास्टिक से निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। इसी तरह बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी खतरनाक स्तर तक फैलता जा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो कोई हैरानी नहीं होगी जब गांव कचरे से पटे टापू दिखने लगेंगे। पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिलने और स्वच्छता अभियान के बाद यह आशा जगी थी कि कोई रास्ता निकलेगा। किंतु केवल जागरुकता से ही ऐसी पेचीदा समस्याओं का समाधान निकलना संभव नहीं होता । इसके लिए टिकाऊ संस्थागत व्यवस्था होना जरूरी होता है। मगर पंचायतों में अभी ऐसी व्यवस्था पनप नहीं सकी है। पंचायत प्रतिनिधि और कर्मचारी दूसरे निर्माण कार्यों में व्यस्त रहते हैं और इस विषय को अधिमान भी कम ही देते हैं। हालांकि कई जगह कचरा एकत्रण के लिए कमरे बनाए गए हैं किंतु एकत्रण के लिए कर्मचारी व्यवस्था न होने के कारण लोगों से यह उम्मीद करना कि वे अपने अपने घर से कचरा उठा कर कचरा गृह तक पहुंचा देंगे, व्यवाहारिक नहीं लगता है। पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय करने के लिए विशेष टाइड फंड देकर सक्रिय किया जा सकता है। प्रति परिवार स्वच्छता कर लगा कर भी कुछ राशि एकत्र की जा सकती है। स्थानीय दुकानदारों या अन्य व्यवसायिक संस्थाओं से भी कुछ राशि ली जा सकती है। कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत उद्योगों से भी पंचायतों को आर्थिक संसाधन खड़ा करने के लिए मदद दिलाई जा सकती है । इस तरह आर्थिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद कचरा गृह के लिए स्थान तय करके निर्माण के बाद सौ-डेढ़ सौ घरों पर एक कार्यकर्ता रखना होगा जो रोज घर-घर जाकर कचरा एकत्र करके कचरा गृह पंहुचा सके। इससे पहले प्रत्येक घर तक यह जागरुकता पंहुचाना जरूरी है कि वे प्लास्टिक कचरा व अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करें। रसोई का गीला कचरा खाद बनाने के लिए खड्डा (गड्ढा) बना कर इस्तेमाल कर लें। बैटरियां और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कचरा अलग रखें। इनको अलग-अलग करने के बाद ही कचरे का उपचार किया जा सकता है। यह बात लगातार ग्रामीणों को समझानी होगी ताकि इसमें कोई ढील न आ जाए। बैटरियां और इलेक्ट्रॉनिक कचरा अलग से बेचने की व्यवस्था की जाए।

# भुलाये नहीं भूलता इक्कीस वर्ष पहले गोधरा का वह घाव

डॉ उमेश प्रताप वत्स

"अगले ही दिन 28 फरवरी 2002 को गुजरात के कई इलाकों में दंगा भड़कना स्वाभाविक ही था क्योंकि जिसने भी इन रामभक्तों को जलते देखा उसका सीना जल उठा और प्रतिक्रिया रूप में उसकी भुजाएं फड़क उठी तथा मस्तिष्क सुन हो गया। इस दंगे में 1200 से अधिक लोग मारे गए थे ।
उल्लेखनीय है कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी एस-6 में बैठें जिन 59 कारसेवकों को जिंदा जलाया गया था उनमें महिलाएं-बच्चें भी शामिल थे। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट में बताया गया था कि 60 लीटर तरल ज्वलनशील पदार्थ बोगी में डाला गया था। लगभग 2 हजार लोगों की भीड़ ने ट्रेन को घेर लिया था। रिपोर्ट के अनुसार ट्रेन पर पथराव किया गया था ताकि कोई बाहर न आ पाए। तथाकथित शांतिदूतों के द्वारा किए गए इस कांड के बाद गुजरात में दंगे भड़क गए थे"



**इक्कीस** वर्ष पहले आज के ही दिन गोधरा में 59 कारसेवकों को ट्रेन की बोगी में जिंदा जला दिया गया था। जिस व्यक्ति के अन्दर दिल धड़कता हो वह 27 फरवरी 2002 की वह भयंकर रात कैसे भूल सकता है जब गोधरा रेलवे स्टेशन के पास मानवता के नाम पर कलंक आतंकियों ने पूर्व नियोजित तैयारी के साथ साबरमती ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगाकर 59 कारसेवकों को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया था। यह निर्दयता की पराकाष्ठा थी। यद्यपि इस मामले में 1500 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अगले ही दिन 28 फरवरी 2002 को गुजरात के कई इलाकों में दंगा भड़कना स्वाभाविक ही था क्योंकि जिसने भी इन रामभक्तों को जलते देखा उसका सीना जल उठा और प्रतिक्रिया रूप में उसकी भुजाएं फड़क उठी तथा मस्तिष्क सुन हो गया। इस दंगे में 1200 से अधिक लोग मारे गए थे । उल्लेखनीय है कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी एस-6 में बैठें जिन 59 कारसेवकों को जिंदा जलाया गया था उनमें महिलाएं-बच्चें भी शामिल थे। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट में बताया गया था कि 60 लीटर तरल ज्वलनशील पदार्थ बोगी में डाला गया था। लगभग 2 हजार लोगों की भीड़ ने ट्रेन को घेर लिया था। रिपोर्ट के अनुसार ट्रेन पर पथराव किया गया था ताकि कोई बाहर न आ पाए। तथाकथित शांतिदूतों के द्वारा किए गए इस कांड के बाद गुजरात में दंगे भड़क गए थे। जिनमें 1200 से अधिक लोग मारे गए तथा लगभग ढाई हजार घायल हुए थे। विरोधी दलों के साथ-साथ मानवाधिकार के रूप में छद्म मानवतावादियों को भी वे निरपराध, जो राम भजन करते ,आपस में बतियातें , बच्चों-महिलाओं परिवार संग बैठे अचानक भयंकर आग की लपटों में चीखते-चिल्लाते ,जान बचाने के लिए और अपने परिवार को आग से बचाने के लिए ट्रेन के डिब्बें में इधर-उधर भागते हुए 59 कारसेवक जो मौत के मुख में धकेल दिये गए , दिखाई नहीं दिए। उन्हें दिखाई दिया तो केवल हिंदुओं द्वारा किया गया फसाद। यहां मुझे हकीकत राय का वह प्रसंग याद आता है जब मदरसे में मौलवी की अनुपस्थिति में मुस्लिम बच्चों द्वारा हकीकत को न केवल बुरा-भला कहा गया ,मारा-पीटा गया अपितु उसके देवी-देवताओं को गालियाँ दी गई और जब प्रतिक्रिया में हकीकत ने कहा कि यदि यही शब्द मैं तुम्हारी फातिमा बीवी के लिए कहूँ तो बस इसी को बवाल बनाकर उसका सिर धड़ से अलग करवा दिया गया। यहां भी टीवी समाचारपत्रों एवं नेताओं के बयानों में कई महीनों तक गोधरा को इतना जलता दिखाया गया कि गोधरा में जलाया गया वह डिब्बा नं. एस -6 किसी मीडिया , सरकार अथवा मानवतावादियों को दिखाई ही नहीं दिया।

किंतु तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबरमती ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगाकर 59 कारसेवकों को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारने वालों को नजरअंदाज नहीं किया। अनेक दबाव , आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए गोधरा ट्रेन जलाने के मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों के विरुद्ध आतंकवाद निरोधक अध्यादेश (पोटा) लगाया तथा 6 मार्च 2002 को गुजरात सरकार ने कमीशन ऑफ इन्क्वायरी एक्ट के तहत गोधरा कांड और उसके बाद हुई घटनाओं की जाँच के लिए एक आयोग की नियुक्ति की, 9 मार्च को पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भादसं की धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र) लगाया किंतु मानवाधिकार आयोग , मीडिया हाउस व अर्बन नक्सलियों द्वारा तैयार किए गए वातावरण से अन्तर्राष्ट्रीय दबाव के कारण केंद्र सरकार पर दबाव बनाया गया जिस कारण 25 मार्च को केंद्र सरकार के आदेश से सभी आरोपियों पर से पोटा हटाया गया। मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा को रौंदने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय षड्यंत्र किए गए , देशभर में एक अभियान चलाया गया। चुनाव काल में नरेन्द्र मोदी को मौत का सौदागर कहकर संबोधित किया गया किसी ने हत्यारी सरकार बताया किंतु उन निरपराध 59 कारसेवकों का किसी ने जिक्र तक नहीं किया जो गुजरात की जनता को सहन नहीं हुआ और 18 फरवरी 2003 को फिर से गुजरात में भाजपा सरकार चुनी गई । पुनः सत्ता में आने के बाद अधूरा कार्य पूरा करने के लिए दहशतगर्दों को परिणाम तक पहुंचाने के लिए आरोपियों के विरुद्ध फिर से आतंकवाद निरोधक कानून (पोटा) लगा दिया गया। दुर्भाग्य से केन्द्र में सत्ता परिवर्तन हुआ और 4 सितंबर 2004 को राजद नेता लालू प्रसाद यादव के रेलमंत्री रहने के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले के आधार पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश यूसी बनर्जी की अध्यक्षता वाली एक समिति का गठन किया गया। इस समिति को घटना के कुछ पहलुओं की जाँच का काम सौंपा गया। 21 सितंबर को संप्रग सरकार ने पोटा कानून को खत्म कर दिया और अरोपियों के विरुद्ध पोटा आरोपों की समीक्षा के नाम पर पोटा हटा दिया। गोधरा कांड के पीड़ितों के रिश्तेदारों ने आरोपियों पर से पोटा कानून हटाए जाने के उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। अनेक उठापटक के बाद 2011 में विशेष अदालत ने गोधरा कांड में 11 को फांसी, 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई। विरोधियों ने न केवल मीडिया और बयानों में अपितु न्यायालय के अन्तर्गत भी नरेन्द्र मोदी पर शिकंजा कसने का कुत्सित प्रयास किया किंतु अनेक दबावों को अनदेखा करके हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में मोदी को विशेष जांच दल (एसआइटी) द्वारा हिंसा में मिलीभगत से मुक्त कर दिया गया था । एसआईटी ने इन दावों को भी खारिज कर दिया कि राज्य सरकार ने दंगों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने बताया था कि हिंसा के दौरान दस हजार से अधिक हिंदू विस्थापित हुए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गोधरा की घटना के बाद 157 दंगे मुसलमानों द्वारा शुरू किए गए थे। जमालपुर में एक हिंदू आवासीय क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि मुस्लिम हमलावरों ने लगभग पच्चीस हिंदू निवासियों को घायल कर दिया और कितने ही घरों को नष्ट कर दिया। अहमदाबाद के दानिलिमदा इलाके में मुसलमानों ने दलितों पर हमला किया। हिम्मतनगर में , एक व्यक्ति कथित रूप से मृत पाया गया, जिसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई थीं। अहमदाबाद के सिंधी मार्केट और भंडारी पोल इलाकों में भी कथित तौर पर भीड़ ने हमला किया था। अल्पसंख्यों द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों पर मीडिया मौन था और प्रतिक्रिया में किए जा रहे हमलों को एक तरफा दिखाए जाने पर गुजरात का हिंदू समाज मीडिया को लेकर स्वयं को असहज महसूस कर रहा था । तत्कालीन मीडिया चैनलों के अनुसार गुजरात की घटनाएं भारत में सांप्रदायिक हिंसा की पहली घटना थीं जिसे दुनिया भर में प्रसारित किया गया। मीडिया कवरेज आम तौर पर राष्ट्रवादी हिंदुओं की आलोचना करता था। भाजपा ने मीडिया कवरेज को गुजरातियों के सम्मान पर हमले के रूप में चित्रित किया और शत्रुता को अपने चुनावी अभियान के एक भावनात्मक हिस्से में बदल दिया। सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की एक याचिका पर एक प्रमुख गवाह, जहीरा शेख , जिसने परीक्षणों के दौरान अपनी गवाही को बार-बार बदला और याचिका झूठी गवाही का दोषी पाया गया था। अप्रैल 2009 में एसआइटी ने अदालत के समक्ष बताया कि तीस्ता सीतलवाड़ ने घटनाओं को भड़काने के लिए हिंसा के मामलों को गढ़ा था। सीबीआई के पूर्व निदेशक आरके राघवन की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने कहा है कि सीतलवाड़ और अन्य गैर सरकारी संगठनों द्वारा काल्पनिक घटनाओं के बारे में सबूत देने के लिए झूठे गवाहों को सिखाया गया था और उन पर दबाव बनाया गया था। एसआईटी ने उन पर "हत्याओं की भयावह दास्तां गढ़ने" का आरोप लगाया। आज तीस्ता सीतलवाड़ अपने बनाए गए जाल में बुरी तरह फंस चुकी है । तब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मोदी का पूरा विरोध हुआ । उनके अनुसार मुस्लिम विरोधी हिंसा को रोकने में मोदी की विफलता के कारण यूनाइटेड किंगडम , संयुक्त राज्य अमेरिका और कई यूरोपीय देशों द्वारा यात्रा प्रतिबंध लगाया गया। अमेरिका में भी विरोध किया और फ्लोरिडा के शहरों में प्रदर्शन करने की योजना बनाई।

## कविता

### आशाओं के दीप जलाए रखना

जिंदगानी के दीप जलाए रखना, संकट से
अपने को बचाए रखना।

समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखना'

संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।

अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।

आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय
शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए
रखना।

जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये
रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना।

संजीव

# वेदों उपनिषद हमारे ज्ञान और ऊर्जा के बड़े स्रोत

**संजीव ठाकुर**

**भारतीय ऋग्**वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी' गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो'
जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।
यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है।

## विचार

# ख्यातनाम प्लास्टिक व्यंग्यकार

**सुनील कुमार महला**

जब से इस देश में इंटरनेट क्रांति का आगाज हुआ है, तब से इस देश में लेखक, कवि, साहित्यकारों की लंबी लाइनें लगीं हैं। बिना किसी जानकारी के भी धड़ाधड़-फड़ाफड़ लिखा जा रहा है। गूगल बाबा जिंदाबाद ! कवियों, साहित्यकारों, लेखकों के पास इस समय तीन चीजें हैं। कमरा है, इंटरनेट है और गूगल बाबा है। गूगल बाबा ने लेखकों की पौ-बारह कर रखी है। जिस भी विषय पर लिखना हो,सर्च मारो,कॉपी,कट एंड पेस्ट। वाह क्या मस्त मजे हैं। लेखकों, साहित्यकारों, कवियों की आज आंखें किसी से मिलतीं हैं तो वह सिर्फ और सिर्फ अपने गूगल बाबा से। मजाल है किसी और से नैन-मटक्का हो जाए। बेचारा वेलेंटाइन- डे भी कमरे के एक कोने में दुबका पड़ा रहा। साहित्यकार जी,लेखक जी, कवि महोदय इंटरनेट पर बिजी हैं, क्योंकि इंटरनेट पर लिखना अति 'ईजी' है। कविताओं का तो कहना ही क्या। कविताएं तो आजकल ऐसे बनतीं हैं कि पूछो मत। उठते-बैठते,हंसते-गाते,खाते-पीते,बातचीत करते,टहलते,सोते-उठते,पढ़ते,आफिस में काम करते, ट्रेन या बस में सफर करते करते ही कविताएं निकल आतीं हैं। कुल मिलाकर, कविताएं तो यत्र-तत्र पसरी पड़ी हैं। जित देखो,तित कविता। हर ?ोज पल-पल प्लास्टिक कविताएं निकलतीं हैं। साहित्य भी प्लास्टिक निकल रहा है। अजी ! इस दुनिया में वैसे भी क्या प्लास्टिक की कमी है। कूड़े के ढ़ेरों में,गलियों में, नदियों में, झीलों में, पहाड़ों पर, मैदानों में, सीवरेज सिस्टम में, गली-मोहल्लों की छोटी नालियों में, बाजार में, मॉल्स में, घरों में, मल्टीप्लेक्स तक में प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। ऊपर से और अधिक 'प्लास्टिक साहित्य' इंटरनेट की मदद से ?ोजाना बहाया जा रहा है। ?ोज प्लास्टिक बहाना अच्छी आदत नहीं है। खूशबू नदारद है इस प्लास्टिक साहित्य से। साहित्य इंटरनेट से समृद्ध हो रहा है। है न गजब.की बात। इससे गजब बात और हो भी क्या सकती है ? हमने शायद गलत सुना था कि साहित्य अनुभव से समृद्ध होता है। यूं ही किसी बावले साहित्यकार ने हमें बहका दिया। असली ज्ञान की गंगा तो 'इंटरनेट' पर बिखरी पड़ी है। बस तीन चीजों के अनुभव की जरूरत है-'कट, कॉपी एंड पेस्ट।' शेष सब तो है 'वेस्ट।' आज वह साहित्यकार, कवि और लेखक अमीर है, जिसके पास 'इंटरनेट' का 'जमीर' है। शेष सब तो 'फकीर' हैं। साहित्यकारों के लिए 'इंटरनेट' फिट है। इंटरनेट की ज्ञान-गंगा बना रही इन्हें 'हिट' है। इंटरनेट की खाज है, इंटरनेट ही साहित्यकारों, कवियों, लेखकों की असली आवाज है। अब हम भी लिखना बंद करते हैं। हमें भी इंटरनेट पर जाकर 'इंटरनेट की नागरिकता' प्राप्त करके और भी अखबारों के लिए व्यंग्य आर्टिकल लिखने हैं। इंटरनेट हमारे जैसे छोटे-मोटे लेखक की 'विकास दर'(ग्रोथ रेट) निश्चित ही बढ़ाएगा, क्यों कि अब तक हम नासमझ थे कि 'बड़ा साहित्यकार' सिर्फ इंटरनेट की सहायता से बना जाता है और हमें यह 'ज्ञान का कैप्सूल' हमारे खासमखास तोताराम जी ने कल ही दिया है। इसी ज्ञान के कैप्सूल की 'ओवरडोज' गटककर हम यह व्यंग्य संपादक जी की मेज पर इंटरनेट की सहायता से पटक रहे हैं। अब हमें भान हुआ है कि 'परमाणु युग'(इंटरनेट का) में तीर-कमान(कलम) थामने मात्र से काम नहीं चलता। हम तो साहित्यिक मामलों और छपने-छपाने के मामलों में अब तक निरी भैंस ही थे, जो कभी 'इंटरनेट' के स्कूल ही नहीं गए। अंत में यही कहूंगा कि यदि हमारा यह 'प्लास्टिक व्यंग्य' प्रबुद्ध संपादक महोदय जी को पसंद आयेगा तो 'कसम कलम की' हम आने वाले कुछ ही समय में इंटरनेट की सहायता से ख्यातिनाम 'प्लास्टिक व्यंग्यकार' का तमगा तो हथिया ही लेंगे।

**(यह हास्य- व्यंग्य मात्र है और इसका उद्देश्य किसी की भावनाओं को आहत पहुंचाना नहीं है।)**

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# कांग्रेसः ढाक के वही तीन पात!

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**रायपुर** में आयोजित कांग्रेस के 85 वें अधिवेशन में शनिवार तक जो कुछ भी हुआ है, उसके बारे में क्या कहें? ढाक के वही तीन पात। इंदिरा गांधी के जमाने से देश की इस महान पार्टी के आकाश से आतंरिक लोकतंत्र का जो सूर्य अस्त हुआ था, वह अब भी अस्त ही है। इसमें कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व का दोष उतना नहीं है, जितना उसके अनुयायिओं का है। राहुल गांधी का तो मानना है कि कांग्रेस की कार्यसमिति चुनाव द्वारा नियुक्त होनी चाहिए लेकिन रायपुर अधिवेशन में पार्टी की संचालन समिति ने सर्वसम्मति से तय किया है कि यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही करेंगे। जिन दो-तीन नेताओं ने शुरू में थोड़ी हिम्मत की और बोला कि कार्यसमिति के लिए चुनाव करवाए जाएं, उन्होंने भी झुंड के आगे मुंड झुका दिया। खड़गे ने भी कह दिया कि वह सोनिया, राहुल और प्रियंका से सलाह करके कार्यसमिति की घोषणा करेंगे। कांग्रेस के असली मालिक तो ये मां-बेटा और बेटी ही हैं। बाकी सब लोग तो कांग्रेस के अंग्रेजी संक्षिप्त नाम (एनसी) को चरितार्थ करते हैं। एनसी का अर्थ हुआ ह्यनौकर-चाकर कांग्रेसह्न। ये तीनों उस समय बैठक में जानबूझकर उपस्थित नहीं रहे, जब संचालन समिति कार्यसमिति के मुद्दे पर विचार कर रही थी। उन्हें पता था कि वहां उपस्थित सभी तथाकथित नेताओं की हिम्मत ही नहीं है कि वे अपने दम पर कोई फैसला कर सकेंगे लेकिन इस तथ्य के बावजूद यह सत्य काबिले-तारीफ है कि तीन बुजुर्ग नेताओं ने कार्यसमिति के चुनाव का आग्रह किया। इस मुद्दे पर ढाई घंटे बहस चली। यह बहस कुछ आशा बंधाती है। इससे जाहिर होता है कि सोनिया-परिवार थोड़ी छूट दे दे तो कांग्रेस का आतंरिक लोकतंत्र फिर से जिंदा हो सकता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का तर्क काफी जानलेवा था। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की प्रांतीय और राष्ट्रीय समिति का ही चुनाव नहीं होता है तो कार्यसमिति का चुनाव कैसे करवाया जा सकता है। कुछ हद तक यह ठीक भी है, क्योंकि कांग्रेस अभी अगले साल के आम चुनाव की तैयारी करे या आतंरिक दंगल में उलझ जाए?

# जंगल, जंगली और जंगलराज

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

शेर से उबिया गए जंगल के जंगलियों ने सियार को राजा बना दिया। सियार को भी राजा बनकर मजा आने लगा। अब शेर का झूठा खाने की जरूरत नहीं पड़ती थी। जंगली मिलकर जंगल का शिकार कर उसे जंगली-जंगली चीजें खिलाते थे। सियार भी खा-खाकर जंगली बन चुका था। जंगलियों ने कि सोचा सियार धूर्त है। कपटी है। इसलिए इसके पास धूर्तता की सारी डिग्रियाँ होंगी। सो वह सीधों को टेढ़ा और टेढ़ों को सीधा करने में तनिक भी देरी नहीं लगाएगा। देखते-देखते राजा सियार का कार्यकाल पूरा हुआ। अब उस पर जंगलीपना हावी हो चुका था। अब उसे किसी भी सूरत में राजा बने रहने के लिए चाल चलनी पड़ती थी। कभी बात-बात में रो पड़ता तो कभी गाय और सुअर में झगड़ा लगा देता। कभी फल-फूल बाँट देता। अपने चाहने वालों को संतरी-मंत्री बना देता। जो उसके खिलाफ में रहता उनके पीछे खुफिया एजेंसियों के नागराज, अजगर बाबा को छोड़ देता। सब उससे डरे-डरे से रहते थे।

देखते-देखते फिर से चुनाव का मौसम आ गया। जंगलियों ने पूछा झ्र राजा साहब इस बार कौन जीतेगा? राजा ने कहा कि यह भी कोई पूछने वाली बात है। मैं ही जीतूँगा। इतना कहकर राजा तुरंत अपने मोटे साथी गेंडे के साथ मिलकर सांठ-गांठ करने लगा। लेकिन इधर जंगलराज इतना बढ़ गया कि खाने-पीने, रहने करने में जंगलियों को बड़ी दिक्कत होने लगी। मोटे गेंडे ने राजा से कहा झ्र राजा ऐसा ही रहा तो हमारा जीतना मुश्किल है। इस पर राजा ने कहा कि हारना हमारी फितरत में नहीं है। हम जीतने के सारे पैंतरे जानते हैं। जाओ जंगलियों से कह दो कि इस बार मुझे जिताने पर उन्हें आगे से शिकार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जंगलियों ने भारी बहुमत के साथ राजा को जिता दिया। इधर राजा ने भी इसी खुशी में अपने संतरियों-मंत्रियों को जंगलियों के घरों पर छोड़ दिया। फिर क्या था उन्होंने जंगलियों के बच्चों को खा लिया। अब जंगली राजा के जंगलीपन से भली भांति परिचित हो चुके थे। अब उनमें राजा को आँखें दिखाना तो दूर उसकी ओर देखने की हिम्मत भी नहीं रही। इस तरह सियार राजा ने जंगल का बाजा बजा दिया।

# पीएम ने पीपीपी को स्वामित्व की तरह सभी राज्यों को अपनाने को कहा

**करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा सरकार द्वारा गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की अनूठी पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के रूप में देश में लागू की जा चुकी है। अब प्रधानमंत्री ने हरियाणा सरकार की परिवार पहचान पत्र नामक एक और अनूठी योजना को सभी राज्यों को अपनाने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज करनाल क्लब में आयोजित मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर उनके निदान के आदेश दिए। लोगों की समस्याओं को सीधा सुनने की आरंभ की गई मुख्यमंत्री की पहल का लोग स्वागत कर रहे हैं। वे इस बात से संतुष्ट नजर आए कि मुख्यमंत्री स्वयं उच्च अधिकारियों के साथ बैठ कर समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता उनका परिवार है और लोगों की समस्याओं को सुनने का यह अनूठा प्रयोग है। इससे पहले रोहतक,



सिरसा, सोनीपत व कुरूक्षेत्र जिलों में भी जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का हर हालत में समाधान किया जाएगा। अधिकारियों को लापरवाही बरतने नहीं दी जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 8 वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं। लोगों के जीवन को सरल बनाने व उनकी शिकायतों और समस्याओं के निदान के लिए नई-नई नीतियां बनाई हैं और पुराने कानूनों में संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक नई पहल शुरू करते हुए विवादों से समाधान कार्यक्रम चलाया था, जिसके तहत नई नीतियां बनाकर विभिन्न विभागों की समस्याओं का निदान किया गया।

**विशिष्ट विभागों को सौंपी नागरिकों की देखभाल की जिम्मेदारी:** मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से परिवारों का डाटा एकत्र किया है और उनके कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हर वर्ग के कल्याण के लिए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। विशिष्ट विभागों को नागरिकों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष तक के आयु समूह



को महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपा गया है, ताकि हर जरूरतमंद बच्चे की देखभाल की जा सके, भले ही बच्चा वर्तमान में आंगनवाड़ी केंद्र में जा रहा हो या नहीं। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष तक के आयु समूह को स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा गया है, ताकि विभाग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। इसी प्रकार, 18 वर्ष से अधिक और 25 वर्ष तक के आयु समूह को उच्च शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए सौंपा गया है कि प्रत्येक युवा या तो शिक्षित हो या नौकरियों के लिए कौशलप्राप्त हो। 25 वर्ष से अधिक एवं 40 वर्ष तक के आयु वर्ग को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग को सौंपा गया है, ताकि इस आयु वर्ग के युवाओं के लिए कौशल, उद्यमिता एवं रोजगार सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि 40 से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग की देखभाल राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा की जाएगी और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की देखभाल सेवा विभाग द्वारा की जाएगी। यह सरकार का प्रदेश के लोगों तक पहुंचने का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है।

**80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों की देखभाल के लिए नया प्रयोग:** मनोहर लाल ने कहा कि पीपीपी आंकड़ों के आधार पर 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 3600 व्यक्ति ऐसे हैं, जो अकेले रह रहे हैं। उनका ख्याल रखने के लिए सरकार ने वरिष्ठ नागरिक सेवा आश्रम योजना के तहत एक आश्रम बनाने की व्यवस्था की है। इस आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा सहित सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

**राज्य के बजट में हर विभाग, क्षेत्र और वर्ग का रखा गया है ख्याल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 फरवरी को वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 का राज्य का बजट पेश किया है। बजट में हर विभाग, हर क्षेत्र और हर वर्ग का ख्याल रखते हुए नई योजनाओं की घोषणाएं की गई हैं, जिन पर 1 अप्रैल से कार्य आरंभ हो जाएगा। बजट एक वर्ष के लिए सरकार की योजनाएं लागू करने का अहम दस्तावेज होता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से सुचनाएं प्राप्त हुई हैं कि आमजन ने बजट को सराहा है।

# हैलीकाप्टर पुष्प वर्षा करते हुए कलश यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
गांव आहुलाना के प्राचीन श्याम मन्दिर में श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री श्याम सनातन ट्रस्ट गांव आहुलाना द्वारा आयोजित निकाली गई। यात्रा के दौरान विशाल कलश यात्रा में हेलीकॉप्टर से पुष्प 10 बार पुष्प वर्षा की गई। कलश यात्रा में आहुलाना के अलावा आसपास के गांवों की करीब 2100 महिला श्रद्धालु शामिल हुई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। श्रद्धालू बार-बार अपने ऊपर उड़ने वाले हेलीकॉप्टर और बरसने वाले फुल पंखुड़ियों को देखते रहे। खाटू श्याम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यात्रा गांव के श्याम से से चलकर गांव की मुख्य गलियों से होती हुई वापिस मन्दिर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद बाबा के जयकारों के साथ मन्दिर में श्याम बाबा, राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापित की गई। बाबा के भजनों से दिल्ली के दीपांशु सैनी एंड दीक्षित पार्टी ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। मन्दिर में लगे विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा श्याम की मूर्ति स्थापना के मौके पर सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी, आहुलाना गांव के एचआरएम डेवलपर्स मंगला फैमिली के चेयरमैन समाजसेवी हरिप्रकाश मंगला, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान, समालखा से रमेश मित्तल, नयाबा के समाजसेवी रमेश धनखड़, फरीदाबाद से महेन्द्र पहल, आहुलाना के हाल निवासी बहादुरगढ़ से रणधीर पहल, राजकुमार पहल, गांव आहुलाना हाल निवासी पल्लवल से नरेन्द्र पहल, राकेश फौगाट, श्याम भक्त सतपाल पहुंचे।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा प्राप्त कर आगे बढे: हजरत उस्मान लुधियानवी



**पानीपत:** गांव गढी बैसक में स्थित जामियां खतीजुल कुबरा मदरसे में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय ?मुस्लिम समुदाय का प्रदेश स्तरीय सालाना जलसा का आयोजन हुआ। जलसे में आए मुखयअतिथि हजरत मौहममद उस्मान लुधियानवी शाही ईमाम पंजाब सहित कई मौजज मेहमानो ने संबोधित किया। और शाही ईमाम हजरत मौहममद उस्मान लुधियानवी पंजाब ने सालाना जलसा कार्यक्रम में कुरआन हिफजकरने वाले बच्चों को पगड़ी पहना कर समानित किया। इस उपरान्त शाही ईमाम ने कहा कि हमें शिक्षा पर जोर देने की सबसे अधिक जरूरत हैं बगैर शिक्षा को हम तरक्क़ी नही कर सकते इसलिए शिक्षा आगे बढने में अहम भूमिका हैं। शिक्षा इंसान का सबसे बड़ा हथियार हैं जिससे हमें अपने कत्र्तव्यो के साथ-साथ अधिकारो के पता चलता हैं। और उस्मान शाही ईमाम ने कहा कि इंसान ईमान पर टिके आज दिन प्रति दिन इंसान का ईमान गिर रहा है। इससे किसी का भी भला नही होगा। उसे चाहिए की वो किसी का बुरा ना करें सिर्फ भलाई का ही कार्य करे। जिससे समाज का विकास होगा। नमाज में बहुत ताकत है। मुस्लिम समुदाय के लोगो को पांचो वक्त नमाज अता करनी चाहिए। सभी नमाज पढ? से पहले उसके बारे मे गहराई से मायने जानिए। इसके साथ कुरान में पढे अल्लाह क्या है। तभी मालूम होगा कि इंसान को इंसान की भलाई के कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर कैरी अहसान, अमरीस खान, मौलाना असजद, सलीम, कैशर पत्थरगढ, अमीर आयुब, सलीम, नवाब, बसीर, मौलाना आरिफ, मौलाना अब्दूल वासिद, मौ. दिलसाद, लियाकत अली .मुसप्पा?, तासिम, जाहिद, समशाद अली, अखत्तर, ?सालिम अहमद, बासा, यामिन आदि अनेक मौजूद रहे।

### सोनीपत: जल की स्वच्छता के साथ, मन की स्वच्छता भी आवश्यक: सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
संत निरंकारी मिशन की सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के कर कमलों द्वारा रविवार को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत परियोजना स्वच्छ जल स्वच्छ मन का शुभारम्भ किया गया। सोनीपत में यमुना नदी की सफाई की गई भारतवर्ष के 11सौ से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में एक साथ सेवा की गई। बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि परमात्मा ने हमें यह जो अमृत रूपी जल दिया है हम सभी उसकी उसी तरह संभाल करें। स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ करें क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतों वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते हैं। सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार, मेयर निखिल मदान ने यमुना नदी गौरीपुर मोड़ के पास में निरंकारी सेवादारों की सेवा सराहना की और कहा कि निरंकारी मिशन पूरे में विश्व में मानव सेवा के लिए खास पहचान रखता है। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि अमृत परियोजना के अंतर्गत दिल्ली एवं ग्रेटर दिल्ली के लगभग सभी क्षेत्रों की स्वच्छता की गई जिनमें अशोक विहार का संजय झील, कैनल सोर यमुना, दिल्ली का आई. टी. ओ. छट घाट, दिल्ली के निगम बोध घाट, भलस्वा झील, यमुना का सुर घाट, यमुना का राम घाट, दिल्ली का कालिंदी कुंज घाट इत्यादि स्थान प्रमुख है। इसके अतिरिक्त ग्रेटर दिल्ली से मुख्यत: ब्रजघाट गढ़, मुक्तेश्वर गंगा, सूरजपुर, गाजियाबाद का हिण्डन घाट, मण्डोरा तालाब, संकहोल गांव, गुरुग्राम के सोहना रोड पर स्थित दम दमा झील, सोनीपत का गोरीपुर, असंध रोड नदी इत्यादि की स्वच्छता सभी स्वयंसेवकों द्वारा पूरे उत्साह के साथ की गई। सभी सेवादारों एवं आंगतुको के बैठने, जलपान, पार्किंग, मेडिकल इत्यादि प्रबंध किया गया। अमृत प्रोजेक्ट के मध्य सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न जल निकायों हेतु पूरे देश में दिये गये दिशा निदेर्शों का पालन किया गया रेड जोन सभी के लिए पूर्णत: वर्जित था। कार्यक्रम का मुख्य स्थल येलो जोन था और इसके अतिरिक्त ग्रीन जोन में सुरक्षा हेतु महिलाओं एवं बालको के प्रवेश की अनुमति दी गयी। परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णत: वर्जित था।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# बेबी शो में मदर प्राईड स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
नगरपालिका रोड स्थित मदर प्राईड स्कूल में बेबी शो का आयोजन मुख्याध्यापिका नीतु त्यागी की देखरेख में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि अनुश्रुति त्यागी, रूचि त्यागी व शिखा त्यागी ने शिरकत की। बच्चों ने बेबी शो में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। मोस्ट स्टाइलिश बेबी वाणी व माणिक, मोस्ट एक्टिव बेबी में दक्ष व दृष्टि, मोस्ट बेस्ट ड्रेस अप बेबी शोर्यं व प्रियाल, पहेली मास्टर बेबी दिविशा व शौर्य, सुपर



समाईलिंग बेबी प्रसव व निरा को स्थान मिला। स्कूल के निदेशक नीरज त्यागी ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम में आए अभिभावकों का आभार जताया।

# शैमरांक वंडरमैरीटोरियस स्कूल ऑफ इंटेलिजेंस का वार्षिकोत्सव समारोह मनाया

**राई/टीम एक्शन इंडिया**
**ओमेक्स** सिटी स्थित शैमरांक वंडरमैरीटोरियस स्कूल ऑफ इंटेलिजेंस का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री कविता जैन व फलाइंग ऑफिसर कृष्ण दहिया ने शिरकत की। स्कूल की निदेशक नीलम, सहायक संचालक मोनिका व प्रधानाचार्या श्वेता शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर-के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्रों ने हरियाणवी नृत्य,योगा, गिद्दा, आर्मी व अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
शिक्षा व खेलो में बेहतर स्थान



प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्यातिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री कविता जैन से संबोधित करते हुए कहा कि शैमरांक वंडरमैरीटोरियस स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों से अनुमान लगाया जा सकता है कि शिक्षक छात्रों के अन्दर छूपी प्रतिभा को किस तरह से निखार रहे है। छात्रों ने बहुत अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किए है। ऑफ इंटेलिजेंस स्कूल की निदेशक नीलम ने छात्रो के साथ अपने अनुभव को साँझा किया और बताया कि विद्यार्थी हर देश का भविष्य उज्जवल करने मे अहम भूमिका निभाते है। इसलिए छात्रों को मेहनत से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। प्रधानाचार्या श्वेता शर्मा ने कहा कि विद्यालय छात्र-छात्राओं मे शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार देकर उनको समाज के लिए जिम्मेदारी से अवगत करा रहा है। अस्सिटेंट डायरेक्टर मोनिका ने अतिथियों को स्वागत एवं अभिनन्दन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की अभिभावकों व अतिथियों ने सराहना की।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुशील कश्यप का कश्यप समाज ने किया स्वागत

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
खेड़ी रोड स्थित कश्यप धर्मशाला में कश्यप समाज की बैठक धर्मशाला प्रधान ईश्वर चंद कश्यप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समाज की तरफ से सुशील कश्यप को जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी (ओबीसी)बनाए जाने पर पगड़ी व फूलमालाओं से स्वागत किया। पूर्व नपा चेयरमैन एवं प्रधान ईश्वर कश्यप ने कहा कि शिक्षा का समाज के विकास के लिए बहुत अहम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वो नशे से दूर रहकर अपनी शिक्षा पर



जोर दे ताकि समाज और देश के विकास में योगदान दे सके। हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा ताकि समाज को सामाजिक, राजनैतिक प्रतिनिधित्व मिले। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी (ओबीसी) सुशील कश्यप ने कहा कि समाज के लोगों को जब भी उनकी सहयोग की जरूरत होगी वे उनके साथ पूरा सहयोग करेंगे। समाज के लोगों ने उन्हें जो प्यार व मान सम्मान दिया है। वे इसके ऋणी रहेंगे।

### आजादी के 75 वर्षों बाद भी अति पिछड़ा वर्ग राजनैतिक दलों की कठपुतली नही: धनवाल

**गन्नौर।** एससी-बीसी विकास मोर्चा के अध्यक्ष प्रिंस धनवाल ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्षो से ज्यादा होने के बाद भी राजनैतिक दल अभी भी अति पिछड़े वर्ग को इस्तेमाल करने में लगे है। उन्होंने कहा कि ये वर्ग किसी राजनैतिक दल की कठपुतली नही है, अब ये और शोषण सहन नही करेंगे। धनवाल रविवार को गन्नौर अति पिछड़ा वर्ग के लोगों से मुलाकात कर उनसे कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने राजनैतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही पिछड़े वर्ग के लोग इनको याद आने लगते है उस समय तरह तरह के सपने दिखाए जाते है।

# नवचयनित एसडीएम नव ज्योतियन नमिता कुमारी सम्मान समारोह एवं बेबी शो का आयोजन



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
नव ज्योति शिक्षा सदन भांवर में शनिवार को नवचयनित एसडीएम नव ज्योतियन नमिता कुमारी सम्मान समारोह एवं बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के नन्हें- मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व आईजी हरियाणा पुलिस सुमन मंजरी ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंच कर बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यातिथि सुमन मंजरी अपने वक्तव्य में स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि गुरुकुलों में जिस तरह के संस्कार मिलते है। उसी तरह के संस्कार फिर से नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में देखने को मिला।
स्कूल ने शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में अपने 25 वर्ष पूरे कर सिल्वर जुबली समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आचार्य सत्यवीर आर्य नैतिक संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष ने शिरकत की। इसके बाद स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाली नवनिर्वाचित एसडीएम नमिता कुमारी, जिन्होंने एचसीएस परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त किया था। उन्हें सम्मनित किया गया। नमिता कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज वह जिस मुकाम तक पहुंची है। उसमें नव ज्योति स्कूल के शिक्षकों का बहुत योगदान है। स्कूल में मिले संस्कारों को हमेशा याद रखते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे मेहनत व लग्न से शिक्षा ग्रहण करे। जीवन में जरूर सफलता मिलेगी। इस मौके पर सत्यवीर आर्य, एल.एन. शर्मा प्रधान नव ज्योति शिक्षा समिति, प्रिंसिपल डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक, योगेश कौशिक , देवेंद्र कटारिया, आर. एन . कौशिक ने मुख्यातिथि व एचसीएच नमिता कुमारी को चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया। अंत में प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने स्कूल में पहुंचे सभी अतिथियों वे अभिभावकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# नशे के विरुद्ध पैदल जागरूक यात्रा निकालकर नशे की बुराई से कराया अवगत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत जाधव के दिशा-निदेर्शों और मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय तखाना में नशे के विरुद्ध 108वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तो दूसरी और ट्रैफिक वेलफेयर एंड रोड से टी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों के साथ 109वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
प्रथम कार्यक्रम में तखाना गाँव में



पैदल जागरूकता यात्रा निकाल नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे और उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुशील शर्मा और शिक्षक डॉ. सोमनाथ शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन एक बार मिलता है और यदि मनुष्य इस छोटे से जीवन में नशे की लत में पड़ जाए तो जीवन मृत समान हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें बुरे संग से दूर रहने के साथ-साथ नशे से बचना होगा और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम में अनेक उदाहरण, गीत, कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया गया। सभी ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे ब्यूरो के इस अभियान में सहभागिता करेंगे और हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में गाँव में नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गई।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल हुए ओपन डांस कम्पटीशन ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में ओपन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों ने हरियाणवी ,पंजाबी ,फोक हिपहॉप ,क्लासिक ,वेस्टर्न ,बॉलीवुड सॉन्ग पर नृत्य किया। शुरूआत में भाविका ने ओरी चिरैया पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने एक के बाद एक अपनी जानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल के रूप में आशु , रिंकू ने निभाई। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य ने पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। तीन वर्गों में बच्चों ने भाग लिया। पहले वर्ग में 3 से 8 वर्ष, दूसरे वर्ग में 9 से 13 वर्ष, तीसरे वर्ग में 14 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को शामिल रहे।

# बाबा श्याम बाबा के दर से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटता : कादियान

**मन्नत** ग्रुप के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि बाबा श्याम बाबा के दर से कभी कोई खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि गांव में स्थापित प्राचीन खाटू श्याम का मंदिर को विशाल बनाया गया है, जिससे श्याम प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ रही है। नियमित तौर पर राजस्थान स्थित खाटू श्याम के मंदिर में जाना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में गांव आहुलाना में ही मंदिर की स्थापना से भक्तों को यहीं दर्शन करने के सुअवसर प्राप्त होंगे।

**बाबा श्याम के मंदिर में दिल खालेकर दिया भक्तों ने दान**
प्राचीन धाम आहुलाना में हुए बाबा श्याम के प्राचीन मंदिर के विस्तार कार्य को लेकर दान वीरों ने जमकर दान किया जिसमें एचआरएम



डेवलपर्स मंगला फैमिली के चेयरमैन हरि प्रकाश मंगला ने 21 लाख रुपए, समुंदर नंबरदार ने 11 लाख 11 हजार 111 रुपए, सुरेंद्र शर्मा बल्ला वाले 5 लाख 51 हजार, रणधीर सिंह ने 5 लाख 25 हजार , सुंदर सिंह ने 5 लाख 21हजार, ईश्वर सिंह ने 5 लाख ,इंदर सिंह ने 5 लाख, रत्नी देवी स्वर्गीय बदलू राम पहल ने 3 लाख 11 हजार, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने 1 लाख 51 हजार , सतबीर सिंह ने 5 लाख, दयान्नद 3 लाख 11 हजार, ओमप्रकाश 3 लाख 1 हजार, राकेश गुलिया 3 लाख, रामकवार 2 लाख 41 हजार, जगबीर 1 लाख 52 हजार, राजेन्द्र, बलबीर, थामबु 1 लाख 51 हजार दान देकर मंदिर के विस्तार कार्य में अपना योगदान दिया

**कलश यात्रा में हैलीकाप्टर से गांव के इन परिवारों ने की पुष्प वर्षा**
- हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा मन्दिर के महंत अरविन्द गिरी महाराज, मोनी बाबा, गौ सेवक स्वामी गोपाल दास के सानिध्य में गांव के रणधीर पहल, राकेश गुलिया, सुरेन्द्र पंडित, बल्ला, राजकुमार, समुन्द्र नम्बरदार, राजबीर नम्बरदार आदि ने 10 राऊंडों में मंहतों के साथ पुष्प वर्षा की। हैलीकाप्टर में पुष्प वर्षा के लिए दर्जन कट्टों में पुष्प डाले गए थे।

**इन भक्तों ने संभाली कलश यात्रा व अन्य व्यवस्था, आसपास के गांवों से भी पहुंचे**
बाबा श्याम के सेवक एवं सरपंच प्रतिनिधि सरपंच अजीत सिंह, पूर्व सरपंच हरेन्द्र पहल, समुन्द्र सिंह, महाबीर सिंह, सुरेन्द्र पहल, सुरेन्द्र शर्मा, मुकेश खासा, बिजेन्द्र खासा, राजकुमार पहल, राजेश पहल के अलावा सभी ग्रामीणों ने अपनी बेहतर सेवाएं दी। ग्रामीणों की आस्था देखते ही बनती थी। आहुलाना गांव में बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आस-पास के गांव अटायल ,बलीकुतुबपुर ,ढिंडार, गुमड़, खेड़ी गुज्जर, सरढ़ाणा, नयाबांस,भौरा रसूलपुर आदि गांव से लोग बाबा श्याम के दर्शनों के लिए पहुंचे।

# 'सांसद खेल प्रतियोगिता' की मिनी मैराथन से हुई भव्य रूप में शुरूआत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**चाँदनी** चौक लोकसभा में सांसद खेल पखवाड़े का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता से की। मिनी मैराथन प्रतियोगिता के अंतर्गत हजारों की संख्या में लोग सुबह लाल किले से फतेहपुरी तक दौड़े, जिसमें हर आयु वर्ग के प्रतिस्पर्धियों के साथ डॉ हर्षवर्धन स्वयं भी सम्मलित हुए तथा विजेताओं को मैडल देकर सम्मानित किया। सांसद खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में खेल जगत में ख्याति प्राप्त पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटर शरणदीप सिंह, कुश्ती चेम्पियन व गुरु द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित महावीर प्रसाद और अजुर्न अवार्ड से सम्मानित कृपा शंकर भी रहे।

आपको बता दें कि सांसद खेल प्रतियोगिता अगले 15 दिनों तक चाँदनी चौक लोकसभा में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता जैसे क्रिकेट मैच, बॉलीबाल, बेडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, एथलीट गेम्स, रस्सा खींच, खो खो आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामाजिक संगठन व शैक्षणिक संगठनों के सहयोग से हर आयु वर्ग के बीच प्रतियोगिता आयोजित होंगी। चाँदनी चौक लोकसभा में सांसद खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ हर्ष वर्धन ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि देश को नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिलें हैं, जो हर क्षेत्र में बड़ा विजन लेकर कार्य करते हैं जिसके चलते भारत देश को उन्होंने असीम ऊंचाइयों तक पहुँचाया विश्व मे देश का नाम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश मे खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अपने नौ वर्ष के शासन में खेलों का बजट तीन गुना किया है, जिसके चलते आज हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीत कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने फिट इंडिया आंदोलन से खेलो को जोड़ लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति उनकी बड़ी परिकल्पना है जिसे जन आंदोलन बनाना चाहते है जिसके लिए देशभर में सांसद खेल प्रतियोगिता का हर आयु वर्ग के लिए खेलो का महाकुंभ के आयोजन के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही पूरे विश्व में 21 जून को योगा दिवस के रूप में मान्यता मिली और वर्ष 2023 में मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल किए जाने की मुहीम भी स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हमें जीवन मे अनुशासित व स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न खेलों को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी हो गया है। इस अवसर पर चाँदनी चौक लोकसभा से भाजपा के कुलदीप सिंह, प्रवीन जैन, मंजीत सिंह, डॉ विरेन्द्र गोयल, विनोद शर्मा, इम्तियाज अहमद सहित अनेकों निगम पार्षद व जिला मण्डल के पदाधिकारी शामिल रहे।





# सावन पार्क में दिनेश कुमार कोली का हुआ स्वागत

## संत महासभा का राष्ट्रीय सचिव बनने पर दिनेश कुमार कोली का कोली समाज के लोगों ने किया स्वागत





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अखिल** भारतीय कोली/कोरी समाज (भारत) संस्था के सावन पार्क स्थित दिल्ली प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय कोली/कोरी समाज (भारत) संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद माहौर की अध्यक्षता में दिनेश कुमार कोली का स्वागत किया गया। आपको बतादें कि स्वामी चक्रपाणि महाराज द्वारा दिनेश कुमार कोली को (संत महासभा) का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोली समाज दिल्ली प्रदेश की कार्यकारिणी के लोगों ने दिनेश कुमार कोली का स्वागत पगड़ी पहनाकर और पुष्प मालाओं और मिष्ठान के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर दिनेश कुमार कोली ने भी सभी लोगों का पटका पहनाकर धन्यवाद किया। इस अवसर पर एडवोकेट यशपाल माहौर ने सभी समाज को संगठित करने के लिए अपने विचार रखे। महिला शक्ति से गीता जी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी से यशपाल माहौर एडवोकेट, धर्मवीर माहौर महासचि, विनायक वर्मा, गीता, राजेश कश्यप, विजयपाल, हरिराम, चंद्रप्रकाश, भैरव सिंह, शीशपाल, श्रवण कुमार, हीरानंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: सुनील कुमार गोयल



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के प्रसिद्व समाजसेवी सुनील कुमार गोयल ने कहा कि पौधारोपण सभी को करना चाहिए, जहां एक और पौधारोपण से क्षेत्र हरा-भरा नजर आता है, वहीं पेड़-पौधों से ऑक्सीजन भी मिलती है, जो हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम सभी आज प्रण ले कि सभी पौधारोपण करें और पौधे की रक्षा भी करेगें। उन्होंने सभी से कहा कि सभी पौधारोपण करें और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह जरूर करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी बनती है कि हम पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

एक अन्य सवाल के जवाब समाजसेवी सुनील कुमार गोयल ने कहा कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए कहे।

उन्होंने यह भी कहा कि सत्य ही डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह का चयन करें क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है।

# बहन से दोस्ती नहीं हुई बर्दाश्त: किशोर को मारी गोली, हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दक्षिण-पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने नवीन नामक नाबालिग लड़के को गोली मारने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण (24), कमल (34) और अनुराग उर्फ कल्ली (23) कूसुमपुर पहाड़ी के अक्कू गिरोह के सदस्य हैं। आरोपियों के एक साथी की बहन की नवीन से दोस्ती थी। इस बात पर नाराज होकर नवीन को पैर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उसका अपहरण कर लिया गया और उसे जंगल में ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की गई। इसके बाद आरोपी उसे मुनिरका में फेंक कर चले गए थे।



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें महाअधिवेशन के तीसरे दिन कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद संजय निरुपम के साथ में है पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल व अन्य।

# 'शराब नगरी बनाते समय क्यूं सिसोदिया को महात्मा गांधी और भगत सिंह की याद नहीं आई'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कांग्रेस की ही शिकायत पर सिसोदिया की गिरफ़्तारी का स्वागत करते हुए कहा कि सीबीआई को बहुत पहले गिरफ़्तार कर लेना चाहिए था लेकिन देर आये दुरुस्त आये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ही शिकायत पर सीबीआई जाँच शुरू हुई और हमने ही सारे सबूत सबसे उपलब्ध कराए थे जिस आधार पर सिसोदिया की गिरफ़्तारी हुई। उन्हें उम्मीद जताई की अब शीघ्र ही भ्रष्टाचार में जल्द केजरीवाल भी गिरफ़्तार होंगे। क्यूकी शराब नीति बनाने में वो ही असली मास्टर माइंड है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वाले केजरीवाल और उनके मंत्री ही सबसे बड़े भ्रष्टाचारी निकले ये अब जनता के सामने आ चुका है।



वार्ड नम्बर-18 में निरंकारी मिशन द्वारा भलस्वा झील पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान आप नेता सुरेश शर्मा का मिशन के लोग सम्मानित करते हुए।

# जीवन में परेशानियां आने पर हमें नहीं रूकना चाहिए: सहदेव




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**शिवाजी** कॉलेज द्वारा ज़िंदगी का ताना बाना (वेब आफ लाइफ )थीम पर टेड एक्स शिवाजी कॉलेज टॉक 4.0 एक शानदार एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यंगिस्तान के लिए अत्यंत सारगर्भित एवं विश्व की जरूरतों से जुड़ा हुआ था। इस आयोजन में कई जानी मानी हस्तियों ने भाग लिया और ज़िंदगी के अनुभवों को युवा छात्र-छात्राओं से साझा किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शिवकुमार सहदेव के मंगल शुभ आशीष वचनों के साथ हुआ। उसके उपरांत प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्म शोभना नारायण ने अपने वक्तव्य में बताया कि हम कैसे अपने डर से उभर कर सामने आ सकते हैं। जीवन में परेशानियां आने पर हमें रुक नहीं जाना है बल्कि साहस और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ते रहना है। व्यक्ति को दूसरे की दृष्टि से स्वयं का आकलन कभी नहीं करना चाहिए। उसके उपरांत उन्होंने द्रोपदी के चीर हरण नृत्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया जिसमें उन्होंने बताया कि यह धरती द्रोपदी है और मनुष्य दुशासन है जो लगातार अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु दिन प्रतिदिन उसका चीर हरण कर रहा है। आज मनुष्य अपनी सफलता के लिए अंधा हो रहा है। प्रसिद्ध टीवी एंकर अर्चना सिंह ने बताया एक पत्रकार का जीवन कितना कठिन और जोखिम भरा होता है सबको कामयाबी नजर आती है परंतु उस कामयाबी के पीछे लगातार कठिन परिश्रम और धैर्य एवं साहस की आवश्यकता पड़ती है। टीएसी सुरक्षा के निर्देशक लेफ्टिनेंट जनरल इकबाल सिंह सिंघा ने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बातों से युवा पीढ़ी को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त पर्वतारोही बलजीत कौर भारती, थिरकवा घराने के प्रख्यात तबला वादक शरीक मुस्तफा मौजूद रहे।

# महंगाई से सभी वर्ग के लोग हो रहे हैं परेशान: खेमचंद सैनी




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** के ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि महंगाई से सभी वर्ग के लोग परेशान है, आज रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते आज जनता को परेशान होना पड़ रहा है। खेमचन्द सैनी ने कहा कि महंगाई अधिक होने की वजह से आम व्यक्ति का घेरलू बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहा है।

खेमचंद सैनी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार महंगाई कम करने की ओर ध्यान दे, ताकि जनता को महंगाई के कारण परेशान न होना पड़े। एक अन्य सवाल के जवाब में ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी विधानसभा में रोड़ों की दशा राम भरोसे है, लेकिन दिल्ली सरकार रोड़ों की दशा में सुधार करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है, जिसके चलते बुराडी के निवासी परेशान है। उन्होंने कहा कि वैसे तो आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली में विकास कर रहे है, लेकिन आज आम आदमी पार्टी के राज में बुराड़ी के रोड़ो की हालात काफी खराब है, बरसात में तो इन रोड़ों में जो गडढ़े हुए है, उनमें पानी भर जाता है, जिसके चलते रोड़ों से वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो सकता है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार बुराड़ी के रोड़ों की दशा में सुधार करवाये।

# मॉडल टाउन में धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विनोद वधवा का जन्मदिन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के प्रसिद्व समाजसेवी और चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा का 71वां जन्मदिन मॉडल टाउन स्थित निवास पर बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही विनोद वधवा के निवास पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कंवर करन सिंह, आकांक्षा ओला, धर्मेंद्र कक्कड़, कांग्रेस नेता जेके डावर, अंजना वधवा, राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा, अनुषा वधवा, अमित वधवा, रमेश शर्मा जिला सचिव, बिमला सूरी, अजीत सूरी, नीरू सूरी, अनिल वधवा, राज वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित वधवा, कृति वधवा, हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, परवीन कक्कड़, गौरव कक्कड़, शिखा कक्कड़, पवन कपूर, अनीता कपूर, इंद्रजीत साहनी, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गौतम साहनी, गरिमा साहनी, राजेश जनक, आनंद, वीना बजाज, पायल सूरी, नवजोत कौर मान, विजय सहगल, मिस्टर मेहता, निर्भय नरूला, नीरज चोपड़ा, राज खुराना, सचिन दीवान, अजय वोहर, संजीव, समीप जिंदल, परदीप जिंदल, रश्मि बजाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जेके डाबर ने कहा कि विनोद वधवा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही सभी के सुख-दुख में रहते है। यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में लोग विनोद वधवा को बधाई देने के लिए सम्मनित लोग पहुंचे हुए है।





# नीड़ी हेल्प ग्रुप ने किया कन्यादान में सहयोग



**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
**नेकी** की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप नारनौल के द्वारा संस्था की मुहिम गरीब सुकन्या विवाह के अंतर्गत 2 अलग अलग बहनों की शादी में कन्यादान का सहयोग किया गया। आज एक बार फिर से संस्था के सभी भाईयों ने किसी बहनों का भाई होने का फर्ज निभाया। बहनों की शादी अच्छे से हो सके इसलिए दोनो को लहंगा चोली ,51 बर्तन का सेट,पंखा, हॉट केस, प्रेस, सीनरी,लेडीज पर्स,पैंट शर्ट, अटेची, गैस चूल्हा, जूसर मिक्सर,डबल बेड शीट, मिल्टन वाटर केमपर, शॉल,स्वेटर, मिल्टन बॉटल,11 साडिया सूट,नकद 501 रुपए नकद कन्यादान दिया गया। आज के मुख्य अतिथि मोहित शर्मा ने संस्था की प्रशंसा करते हुवे बताया की संस्था के द्वारा अभी तक 50 शादियों में कन्यादान किया जा चुका है आज 2 अलग अलग परिवार की 2 बेटियों की शादी में कन्यादान करवाया। एस एस जैन सभा के प्रधान प्रेम चंद जैन ने भी सभी से आह्वान किया की हमे भी इनकी मुहिम में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।निखिल जैन,देव दत्त,शर्मा,विकास जैन ने भी सभी साथियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने अभी तक अपनी नेक कमाई में से सहयोग किया ।संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने बताया की संस्था के द्वारा गरीब एवं जरूरत मंद परिवार को भोजन खिलाना,गौ माता की सवामनी करना,रक्तदान शिविर लगाना,जरूरत मंद लोगो को हर सम्भव सहयाता करना ।आज सभी का आभार प्रकट करते हुवे मनीष गोगिया ने धन्यवाद किया जो अपना निजी समय निकाल कर हमारी मुहिम से जुड़े। संदीप जैन समाज सेवी ने भी बताया की हमे अपनी इच्छानुसार संस्था की मुहिम में हिस्सेदारी निभानी चाहिए।बहावल पर सभा के प्रधान ओम प्रकाश अरोड़ा ने सभी से आह्वान किया की हमे अपने आस पास रहने वाले हर जरूरत मंद परिवार की सहायता करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मनीष गोगिया, निखिल जैन,विकास जैन,मोहित शर्मा,प्रेम चंद जैन,रोहतास वर्मा,मनोज वर्मा,मनु,देव दत्त शर्मा एवम अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

> **8 संदीप जैन समाज सेवी ने भी बताया की हमे अपनी इच्छानुसार संस्था की मुहिम में हिस्सेदारी निभानी चाहिए**

# स्वयंभू शिवलिंग के चारों ओर लगी 12 किलो चांदी ले गए चोर



**नारनौल/संजय शर्मा**
जिला महेंद्रगढ़ में कनीना उपमंडल के गांव बाघोत स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग के पास बनी हुई जलेरी से आठ किलो 800 ग्राम चांदी चोरी हो गई है। मंदिर कमेटी के प्रमुख सदस्य महिपाल नंबरदार ने बताया कि देर रात मंदिर में शिवलिंग के चारों तरफ 12 किलो 500 ग्राम चांदी से बनी हुई जलेरी से तकरीबन 8 किलो 800 ग्राम चांदी चोरी हो गई है। मंदिर पुजारी व ग्रामीणों ने रविवार को सदर थाना कनीना पुलिस को फोन किया गया। मौके पर पुलिस ने आकर तफ्तीश की। श्री बागेश्वर धाम मंदिर के पुजारी महाराज रोशन पुरी ने बताया कि जब वह रविवार सुबह आरती करने के लिए मंदिर में पहुंचे तो स्वयंभू शिवलिंग के चारों तरफ लगाई गई चांदी की परत गायब थी। चांदी लगभग 12 किलो के करीब थी। उन्होंने सरपंच व ग्रामीणों को इसकी तुरंत सूचना दी। सभी लोग मौके पर पहुंच गए। बाद में घटना की शिकायत पुलिस को दी गई।

**बाघेश्वर धाम में पहले हो चुकी लूट:** 10 जनवरी 2018 को बाघेश्वर धाम के महंत रोशन पुरी महाराज के साथ कुछ लोगों ने लूट कर ली थी जिसमें सवा किलो सोने का नाग, 15 किलो चांदी, तकरीबन 70 हजार रुपये की नगदी शामिल थी। उस समय आईजी, डीआईजी, एसपी, डीसी, पूर्व डिप्टी स्पीकर, पूर्व मंत्री ने आकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन आज तक एक भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया है। तब 51 गांव की पंचायत बुलाई गई थी। जिसके अंदर 11 लोगों की एक कमेटी बनाई गई थी। जिसमें पूर्व सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र गागड़वास को अध्यक्षता सौंपी गई थी।

**चोरी के समय बंद पड़े थे सीसीटीवी कैमरे:** जिस वक्त चोरी हुई उस वक्त धाम के सीसीटीवी कैमरे अधिकतर बंद पड़े थे। मंदिर कमेटी के प्रमुख सदस्य महिपाल नंबरदार ने बताया कि धाम के आसपास बंदर अधिक होने के कारण बंदर कोई भी डोरी को काट देते हैं।

मंदिर में जब मेला हुआ था उस वक्त यह निर्णय लिया गया था कि जल्द ही वायरलेस सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

> **मंदिर की सुरक्षा के लिए क्षेत्रवासियों ने लगाई सुरक्षा की गुहार**
>
> **श्रद्धालुओं** ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा के लिए विधायक, सांसद, उप मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री तक मंदिर की सुरक्षा के लिए अनेकों बार गुहार लगाई जा चुकी है। 51 गांव की पंचायत ने सरकार के सामने मंदिर की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई थी। उसके बाद वर्ष में दो बार बड़ा धार्मिक मेला लगता है उसकी सुरक्षा के लिए बार-बार एसडीएम, एसपी, डीएसपी सहित अनेक अधिकारियों के सामने सुरक्षा की गुहार लगाई जाती है। महिपाल नंबरदार ने बताया कि मंदिर में भक्तों द्वारा सोने चांदी के आभूषण लगाए हुए हैं। शनिवार रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने शिवलिंग के चारों तरफ लगाई गई चांदी की परत को उखाड़ कर चोरी कर लिया। हम प्रशासन से मांग करते की धाम की गरिमा व आस्था को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए।

## न्यूज फ्लैश

### बदलते मौसम में अपने पशुओं का रखे विशेष ध्यान: उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा है कि बदलता मौसम अपने साथ बीमारियां भी लेकर आता है। ऐसे में सिर्फ इंसानों को नहीं बल्कि पशुओं को भी देखभाल की जरुरत होती है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम का असर इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशुओं की सेहत पर भी पड़ता है। दोपहर में हल्की गर्मी व सुबह-शाम ठंड के कारण पशु भी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। उपायुक्त ने कहा बदलते मौसम में इंसानों की तरह पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इससे पशुओं को बुखार, फेफड़ों में संक्रमण, दस्त, थनैला आदि बीमारियां हो जाती हैं। नवजात पशुओं को हाइपोथर्मिया, निमोनिया और डायरिया आदि बीमारियां हो जाती है। सावधानी रखकर पशुओं को इन रोगों से बचाया जा सकता है। ज्यादा दिक्कत होने पर पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिये।

### पंचायती चुनाव में प्रत्याशी रहे 28 तक जमा करवाएं चुनावी खर्च का ब्यौरा

**पानीपत:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायतीराज सुशील सारवान ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन नागरिकों ने पंचायतीराज संस्थाओं का चुनाव लड़ा था। उन को 28 फरवरी तक अपना चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा करवाना होगा। निर्धारित तिथि तक खर्च का ब्यौरा जमा न करवाने पर निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा आगामी 3 वर्षो तक चुनाव लड? के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा हैं कि जिला परिषद के ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्होंने अभी तक चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा नहीं किया है उनको नोटिस जारी किए जाएं। वहीं संबंधित बीडीपीओ को ऐसे पंच, सरपंच और ब्लॉक समिति के अभ्यर्थी जिन्होंने चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा नहीं करवाया है उनको नोटिस जारी किए जाए।

### आपकी सोच ने आपको वजीर बना रखा...



**पानीपत:** अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में आज मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ.एपी.जैन ने की। मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह सांगवान तथा विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र धीमान बापौली रहे। मंच संचालन कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने किया। गोष्ठी के उपरांत सोनिया अक्स के पापा तथा असंध के कवि डॉ.भारत भूषण वर्मा की माता के स्वर्गवासी हो जाने पर उनकी आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुरेंद्र धीमान बापौली ने कविता पाठ करते हुए कहा कि हमने तो आपको अपनी तकदीर बना रखा है, मगर आपकी खामोशी ने आपको तस्वीर बना रखा है, अरे हम तो आपको हमेशा बादशाह समझते रहे, मगर आपकी सोच ने आपको वजीर बना रखा है। इसके अलावा सत्या कोहण्ड, कमलेश कुमार पालीवाल कमल,सुभाष भाटिया, डॉ.एपी जैन, राजकुमार भारद्वाज, धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर, रघुवीर सिंह सांगवान, दिक्षा ठाकुर,सुलेख जैन,चंद्रशेखर आजाद ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर जादूगर रामनाथ, संतोष सिंह, गुरमीत सिंह मनोज पालीवाल, प्रांशुल पालीवाल, मनीष पालीवाल सोना व सोयब आदि उपस्थित रहे।

### निरंकारी मिशन के सेवादारों ने चलाया सफाई अभियान



**पानीपत:** निरंकारी मिशन के सेवादारों ने असंध रोड पर नहर पानीपत की सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से आज बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं पर चलते हुए सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। अमृत परियोजना के तहत असंध रोड नहर पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया। समस्त पानीपत सैक्टर की साध संगत और अन्य ब्रांचों के महात्माओं ने सफाई में सहयोग दिया। बराना,कुराना,बाबरपुर, इसराना,कुराना तथा समालखा की संगत ने भी सफाई में अपना योगदान दिया।

# एक रक्त की बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है..



**नारनौल/संजय शर्मा**
रविवार को बाबा चोखदास क्लब,युवा साथी ग्रुप हरियाणा द्वारा 30वा रक्तदान शिविर डॉ जय कृष्ण आभीर जिला उपायुक्त महेंद्रगढ़ व रेड क्रॉस के सानिध्य में गाँव निहालावास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान कैम्प में 42 यूनिट रक्तदान हुआ। कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में कर्मवीर राव सीईओ श्री कृष्णा स्कूल तथा अध्यक्षता देवेंद्र प्रधान जिला पार्षद एवं पूर्व चेयरमैन रहे।कर्मवीर राव सीईओ श्री कृष्णा स्कूल ने युवाओं से अपील की खून का खजाना हर तीन महीने में खाली करते रहना चाहिए।
देवेंद्र प्रधान जिला पार्षद पूर्व चेयरमैन ने युवाओं से अपिल की हमे जन्मदिन, वर्षगांठ व अन्य खुशी के मौके पर रक्तदान जरूर करना चाहिए। टिंकू प्रधान संस्थापक युवा साथी ग्रुप हरियाणा व मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल के सदस्य ने बताया कि कैम्प के मुख्य अतिथि ने भी रक्तदान शिविर में 11वी बार अपना रक्तदान किया। जिसके लिए बधाई के पात्र है। रोहित ने बताया कि गांव में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, आप सभी के द्वारा दान किया गया रक्त किसी की जरूरत पड़ने पर किसी अनजान की जान बचा सकता है। जिस प्रकार बूंद बूंद से सागर भरता है उसी प्रकार रक्त की एक एक बूंद कीमती होती है और युवाओं को इसे व्यथ ना गांवकर इस तरह से रक्तदान कर लोगों की भलाई में लगाना चाहिए। शिविर में रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी व स्वस्थ विभाग का विशेष सहयोग रहा।साथ ही मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल का भी विशेष सहयोग रहा। टिंकू प्रधान, ओमप्रकाश, इंद्रजीत, मोहित शर्मा, पूर्ण सैनी, ईश्वर साहब, कुलदीप, विद्याधर, मदनलाल, श्यामलाल, ओमप्रकाश, सतीश, सुरेंद्र सिंह, सतेंद्र, संदीप, महेश, आशीष, मोहित ,अजय, रजनीश, मोहित, रूपेश समस्त निहालावास युवा साथी ग्रुप हरियाणा की टीम मौजूद रही।

# 82वां रक्तदान रेडक्रास रक्त बैंक में लगाया गया



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
श्री कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी की प्रेरणा से जैसी ही समिति के प्रधान अशोक कैलाशी को सूचना मिली की रेडक्रास के रक्त बैंक में रक्त की कमी है तभी अपने साथियों को फोन पर सूचना दी तभी रक्तदान करने के लिए रेडक्रास में डा. पूजा गर्ग से मिलकर रक्तदान किया। रेडक्रास की टीम ने सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृष्ण लाल, महाबीर शर्मा, पूनित, जितेश जिंदल, सुनील कुमार, सुमित गर्ग ने रक्तदान किया। वहीं नरेन्द्र जिंदल भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जी 20 का पहला कार्यक्रम हरियाणा में होना प्रदेश वासियों के लिये सौभाग्य की बात: दुष्यंत



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को जजपा के प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादयान के सेक्टर 11 हुडा स्थित आवास पर पहुंचे और वहां पर देवेंद्र कादियान सहित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम विरेंद्र ढुल ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जी 20 का पहला कार्यक्रम हरियाणा में होना हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने पूरी तैयारियां कर रही है। यह पहला मौका है जब दुनिया भर के जी-20 देशों के प्रतिनिधि हरियाणा में पधारेंगे। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए बहुत ही अच्छा काम किया है, इसे और आगे बढ़ाया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह हमेशा तथ्यों के साथ बात करते हैं।

# तनाव मुक्त होकर नकल रहित परीक्षा दें परीक्षार्थी: डीसी

**पानीपत:** डीसी सुशील सारवान ने सोमवार 27 फरवरी से आरंभ हो रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को आगामी वार्षिक परीक्षाओं की शुभकामनाएं देते हुए नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित कराने का आह्वान किया है। उन्होंने परीक्षार्थियों से आह्वान किया कि वे तनाव मुक्त होकर नकल रहित परीक्षा दें। उन्होंने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थी बिना किसी तनाव व डर के परीक्षाएं दें। मेहनत के साथ अपनी तैयारी करें और शांत मन से परीक्षा को पूरा करें।

# गेस्ट टीचरों को वादे अनुसार नियमित करे सरकार: राजेंद्र शर्मा



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को जन जागरण के तहत हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ की राज्य स्तरीय मीटिंग राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूरे हरियाणा प्रदेश से राज्य कार्यकारिणी, जिला अध्यक्षों व ब्लाक अध्यक्षों सहित सक्रिय साथियों एवं महिला गेस्ट टीचरों ने भाग लिया। वहीं राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा शास्त्री ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत गेस्ट टीचरों को 17 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन सरकार ने गेस्ट टीचरों को घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुसार आज तक नियमित नहीं किया। हरियाणा के 14 हजार गेस्ट टीचरों को कभी ट्रांसफर और कभी नियमित भर्ती के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। वर्तमान में भी हरियाणा सरकार ने करीब तीन हजार गेस्ट टीचरों को दूर दराज 200 से 300 किलोमीटर मेवात, पलवल, फरीदाबाद, सिरसा, यमुनानगर आदि में ट्रांसफर कर दिया, जिसमें सैकड़ों महिला गेस्ट टीचर भी शामिल है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के गेस्ट टीचरों में भारी रोष है। शास्त्री ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही दूर दराज ट्रांसफर किये गये गेस्ट टीचरों को नजदीक गृह जिलों में समायोजित नहीं किया और गेस्ट टीचरों की अन्य मांगों समान काम समान समान वेतन देकर नियमित नहीं किया तो राज्य स्तरीय आंदोलन की घोषणा की जाएगी। वहीं करनाल जिला प्रधान जसमेर सिंह और पानीपत जिला प्रधान विनोद कुमार ने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हजारों अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं। सरकार नियमित भर्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती कर रही है लेकिन गेस्ट टीचरों को गृह जिलों में पद खाली होते हुए भी जबरन 200 से 300 किलोमीटर ट्रांसफर कर दिया गया हैं। शिक्षा विभाग ने नियमों को ताक पर रखकर गेस्ट टीचरों की ट्रांसफर कर दी गई। उन्होंने कहा कि कैथल जिले में गणित टीजीटी के 78 पद खाली होते हुए भी कैथल जिले की च्वाइस भरने वाले 73 गेस्ट टीचरों को गृह जिला न देकर मेवात व फरीदाबाद भेज दिया गया। संघ के प्रदेश सचिव राजेश शास्त्री , महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मेनका शर्मा ,मदन लाल, सुमन, रामकरण, सत्येंद्र गुलिया, सत्य नारायण, महेश दत्त सोनीपत, जगत सिंह, बिमला शर्मा व प्रदीप सहित काफी संख्या में गेस्ट टीचर मौजूद रहे।

# 'राष्ट्रपति का अभिभाषण विकसित देश बनाने की योजना की रुप रेखा'



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
डिजिटल इंडिया अभियान से देश के विकास में नए आयाम जुड़ रहे हैं। जीवन भी सुगम हो रहा है हमें डिजिटल इंडिया अभियान को जन आंदोलन बनना होगा। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने पानीपत शहरी विधान सभा के बूथ नंबर 145 से 149 तक शक्ति केंद्र पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा की हम सब भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ई संजीवनी ऐप का प्रयोग करें। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात में अपनी विरासत वा परम्पराओं पर गर्व करने के आह्वान को हमें आत्मसात करना होगा। राष्ट्रपती अभिभाषण वाचन कार्यक्रम के जिला संयोजक तथा भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेन्द्र सलूजा ने कहा की आज सभी केंद्रों पर बजट सत्र में संसद में राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा दिया अभिभाषण पढ़ा गया।

# मात्र भाषा से जुड़ने का एहसास ही अलग है: गुरविंदर सिंह धमीजा




**अम्बाला/मनीष कुमार**
पीर बुद्धू शाह किड्स एकेडमी साहा (अंबाला) में हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी (हरियाणा सरकार) की ओर से अंतरराष्ट्रीय मां बोली दिवस मनाया गया इस मौके मुख्यातिथि हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह धमीजा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। इन सभी बोलियों में अपनापन बसा हुआ है। मातृभाषा से जुड़ने का एहसास ही अलग है। मातृभाषा बारे प्रकाश डाला एवं शुभ दिन की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी हरियाणा में पंजाबी साहित्य, भाषा, बोली और सभ्याचार के प्रचार-प्रसार हेतु भरसक प्रयास कर रही है। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान महंत कर्मजीत सिंह ने कहा कि हमारा देश भाषाओं/बोलियों की ओर से बहुत अमीर है। मुबारक है, हम दूसरी भाषाएं भी अधिक से अधिक सीखें लेकिन अपनी मातृभाषा को कभी न भूलें। हरियाणा के गृह सचिव गगनदीप सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया की हरियाणा की 40% आबादी पंजाबी भाषा बोलती है। सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए लेकिन अपनी मातृभाषा से प्यार करें।
गुरु ग्रंथ साहिब गुरमुखी लिपि में है लेकिन इसमें विभिन्न भाषाओं का सम्मान करते हुए उनका प्रयोग किया गया है। डीएसपी आदर्श दीप सिंह ने इस मौके अपने विचार सांझें करते हुए बताया कि पंजाबी मातृ भाषा हमारी पहचान है इसका सम्मान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। मंच संचालन करते हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमिटी के एक्जेक्टिव मेंबर विनर सिंह ने हरियाणा सरकार से आग्रह किया कि हरियाणा के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से पंजाबी लागू की जाए व स्कूलों में स्कूलों में पंजाबी अध्यापकों की भर्ती की जाए। इस मौके स्कूली बच्चों द्वारा कविता, शुद्ध लेखन, लोकगीत एवं पेंटिंग मुकाबलेभी करवाए गए। विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस मौके प्रिंसिपल हरलीन कौर, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के एग्जेक्टिव सदस्य गुरबक्श सिंह, सुखविंदर सिंह मंडेबर, सुदर्शन सिंह सहगल, शिक्षाविद एवम साहित्यकार गोबिंद सिंह भाटिया, जगन सिंह, वरिंदर सिंह घुम्मन सहित काफी संख्या में बजुर्ग, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**मो. नं. : 9896772006**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**मो. नं. : 9466035040**

# एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# जी 20 की तैयारियों में न बरतें कोताही: सीएम धामी

## सरलीकरण कर योजनाओं का लाभ जनता को दें : सीएम धामी, लोकल टू ग्लोबल की की ओर फोकस करने पर जोर

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**

**जिला** मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी गांवों में जाकर चौपाल लगायें। समय-समय पर अधिकारी रात्रि चौपाल में जन समस्याओं का निदान करें। तहसील दिवसों का रोस्टर बनाकर नियमित आयोजन किया जाए। सरकार की चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक तत्परता से पहुंचाया जाये। इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टिहरी जनपद में जी-20 की जिन दो बैठकों का आयोजन होना है। उस समय हम अपनी सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों और विशिष्ट कार्यों में से क्या प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं, इसकी पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को वैश्विक पटल पर लाने का यह हमारे पास सुनहरा मौका है। अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा अवसर है। लोकल टू ग्लोबल की दिशा में हम क्या कर सकते है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसके लिए जनपद स्तर पर व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम किये जाए। 2024 तक राज्य को क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों की खराब स्थिति पर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में सांसद टिहरी गढ़वाल मालाराज्य लक्ष्मी शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवाण, विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह, प्रदेश महामंत्री भाजपा आदित्य कोठारी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

**सीएम ने मिशन शतक के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित:** इस मौके पर मख्यमंत्री ने जनपद टिहरी के आदि शक्ति धाम के मोमेंटो का अनावरण किया।





### डीएम और सीडीओ ने विकास कामों की दी जानकारी

**जिलाधिकारी** टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार ने जी-20 की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टिहरी में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि के जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उनको शासन को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद में क्षय रोगियों को इस रोग से मुक्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निक्षय मित्र बनाया गया है। सीडीओ मनीष कुमार ने जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा जनपद में 84 अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। 61 और अमृत सरोवर बनाये जा रहे हैं। जो जनपद को लक्ष्य मिला था, उससे अधिक अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यान को

## आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट: वीके सिंह

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

**केंद्रीय** मंत्री व सांसद वीके सिंह ने उत्तर प्रदेश के बजट 2023-24 को आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट बताया। उन्होंने कहा कि ये सरकार का सर्वहितैषी और देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्णायक व लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। वीके सिंह नेहरु नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### क्लोजिंग मंथ मार्च में 5300 से ज्यादा बैंक शाखाओं में आठ हॉलिडे

**जयपुर:** वित्तीय वर्ष 2022 और 23 का समापन मार्च महीने के साथ होगा। हमेशा की तरह 31 मार्च को बैंकों के साथ व्यापारियों के खातों की भी क्लोजिंग होती है, जिसके अनुसार ही उनकी जीएसटी, इनकम टैक्स और अन्य सभी जानकारी तैयार करनी होती है। इसमें मल्टीनेशनल कंपनी से लेकर एक छोटे व्यापारी तक को जुटना पड़ता है। इसी तरह बैंकों में भी मार्च के महीने में कार्य काफी बढ़ जाता है। अपने खातों और लोन को सेटलमेंट भी लोग करते हैं। इसके साथ ही बैलेंस शीट को भी तैयार करवाया जाता है, लेकिन इस बार मार्च के महीने में आठ छुट्टियां आ रही हैं। ऐसे में क्लोजिंग के दौरान बैंक कार्मिकों के साथ व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंट क्षेत्र में कार्यरत लोगों पर भी कार्य बढ़ जाएगा, क्योंकि उन्हें इन छुट्टियों का भी कार्य दूसरे दिन करना होगा। मार्च महीना क्लोजिंग का रहता है। साथ ही इस बार बैंकों की 8 छुट्टियां हैं। राजस्थान के बैंकों में रविवार की छुट्टी 5, 12, 19 और 26 मार्च को होगी। इसी तरह शनिवार की छुट्टी 11 और 25 मार्च को है। सात मार्च को धूलंडी और 30 मार्च को रामनवमी का भी अवकाश राजस्थान के बैंकों में है। ऐसे में इस बार ये 8 छुट्टियां क्लोजिंग के मंथ में भारी पड़ने वाली हैं। राजस्थान में सभी नेशनलाइज और क्षेत्रीय बैंकों को मिलाकर 5300 से ज्यादा ब्रांचेज हैं।

### ऑनलाइन एपल वॉच मंगवा ऑर्डर कैंसल किया

**अजमेर:** ऑनलाइन आर्डर कर मंगवाई गई 10 लाख की ऐप्पल वॉच को नकली में बदलकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। अमेजॉन कंपनी के प्रतिनिधि ने दो कस्टमर व ट्रांसपोर्ट ड्राइवर के खिलाफ कंपनी को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मदनगंज थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अमेजॉन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के अधिकृत प्रतिनिधि सौरभ ठठेरा ने मदनगंज थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 25 जुलाई 2021 को कंपनी के ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस पर दो ऑर्डर प्राप्त हुए। पहला आर्डर 10 एप्पल वॉच एच-13, जो पूजा केमीकल एण्ड मिनरल किशनगढ़ के अंकित का 4 लाख 99 हजार का था और दूसरा ऑर्डर 9 एप्पल वॉच जो बी-46 शॉप किशनगढ़ के नवीन का 4 लाख 49 हजार 100 रुपए का था। यह ऑर्डर कंपनी के वेयरहाउस अहमदाबाद गुजरात से चैक वैरिफाई और पैक करके ग्राहक के पते के नजदीकी सोर्टिंग सेन्टर जयपुर पर लाया गया। जहां से कंपनी के ट्रांसपोर्ट सर्विस पार्टनर एआईएम इंडिया के ड्राइवर बागचंद दारोगा को डिलीवरी के लिए सौंपा गया। ऑर्डर डिलीवरी से पूर्व ही कस्टमर द्वारा कैंसिल कर दिया गया। इसके बाद डिलीवरी पार्टनर के ड्राइवर बागचंद द्वारा प्रोडक्ट बिना डिलीवरी के ही रिटर्न किया गया। ऑर्डर के कैंसिल होने की सूचना पर कंपनी ने रिफण्ड कर दिया। ऑर्डर्स को कंपनी के अहमदाबाद के (वेयरहाउस) में पैक किया गया तो यह पाया गया कि समस्त घड़ियों को नकली घडियों से बदल दिया गया है। अंदेशा है कि एप्पल वॉच बहुत ही महंगी व कीमती है, इसलिए पूर्व में सोची-समझी साजिश के तहत गबन के इरादे से नकली घड़ियों से बदल दिया गया। ऑर्डर का कुल मूल्य नौ लाख अड़तालीस हजार एक सौ रुपए है। जिससे कंपनी को नुकसान हुआ है। पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि की रिपोर्ट पर दोनों कस्टमर अंकित व नवीन व तानिया-गागेरा, भीलवाड़ा निवासी ड्राइवर बागचंद दारोगा के खिलाफ मामला दर्ज

## बंगाल: भाजपा के सामने पिछले लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन दोहराने की चुनौती



**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**

पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कब्जा जमाया था। इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी शिकस्त हुई और उसके बाद लगातार होने वाले उपचुनाव और अन्य चुनावों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अब 2024 का लोकसभा चुनाव महज साल भर दूर है और सभी पार्टियां कमर कस कर तैयार हो गई हैं। इसमें सबसे अधिक चुनौती बंगाल भाजपा के सामने है। 2019 में जिन 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी उन पर जीत बरकरार रखने के साथ ही बाकी सीटों पर भी बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व ने दिया है। इसके बाद बंगाल भाजपा ने हाल में एक आंतरिक सर्वे करवाया है जिसमें पार्टी की मौजूदा स्थिति के बारे में आकलन करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें चिंताजनक हालात उभर कर सामने आए हैं। पता चला है कि जिन सीटों पर पार्टी का कब्जा था वहां भी बूथ स्तर पर पार्टी संगठनात्मक तौर पर कमजोर हुई है। ऐसे में जिन सीटों पर जीत दर्ज की है उन पर कब्जा बरकरार रखना ही चुनौती होगा। इसे पार कर और अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य पार्टी कैसे हासिल करेगी? इस बारे में भिजपा नेता राहुल सिन्हा कहते हैं कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार से बंगाल के लोग त्रस्त हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी में "आत्मनिर्भर टिहरी की संकल्पना" विषय पर प्रतिभाशाली स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया।

## परिषदीय विद्यालयों में नहीं पहुंची पुस्तकें, कैसे पढ़ेंगे नौनिहाल

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

**परिषदीय** विद्यालयों में एक अप्रैल से सत्र आरंभ होने वाला है। बावजूद अभी तक पूरी किताबें नहीं पहुंच सकी हैं। अभी तक कक्षा छह से आठ की लगभग छह लाख 80 हजार किताबें ही पहुंच सकी हैं। बेसिक शिक्षा विभाग से कक्षा एक से आठ तक के लिए लगभग 19 लाख किताबों को खरीदने का आर्डर विभिन्न 20 फर्मों को दिया गया है। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-23 आगामी एक अप्रैल से आरंभ होने वाला है। मीरजापुर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में लगभग तीन लाख 19 हजार 234 बच्चें अध्ध्यनरत हैं। इनको वितरित करने के लिए लगभग 20 फर्मों को 19 लाख पुस्तकों की आपूर्ति का क्रय आदेश जारी किया गया है।

वर्तमान में कक्षा छह, सात और आठ की लगभग छह लाख 80 हजार किताबें ही पहुंच सकी हैं। इसमें से महज पीतांबरा बुक झांसी, डायनेमिक टेक्स बुक झांसी, अनुपम प्रकाशन मथुरा ने ही लगभग छह लाख 80 हजार पुस्तकों की आपूर्ति की है। फर्मों को एक अप्रैल के पूर्व सभी किताबों की आपूर्ति कर देना है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर करेंगे विधान सभा कूच


**गोचर: राष्ट्रीय** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक रविवार को गोचर में हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 13 मार्च से भरारीसैंण-गैरसैंण में होने वाले बजट सत्र के पहले दिन विधान सभा कूच करेंगे। प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि विधान सभा कूच के लिए सभी जनपदों से अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक भरारीसैंण पहुंचेगे।

## उत्तराखंड: जोर पकड़ रहा ओपीएस की मांग

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

**लंबे** समय से पुरानी पेंशन की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन और आंदोलन होते रहे हैं। इसी क्रम में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हल्द्वानी में हजारों कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने वाटिका बैंक्वेट हॉल से शहीद पार्क तक पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए जुलूस भी निकाला। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भी कर्मचारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों के हित पर कदम उठाते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। विजय कुमार बंधु ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी को छीन लिया है। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है, अगर देश के 5 राज्यों ने इस पेंशन को लागू कर दिया है तो उत्तराखंड सरकार को भी इस पेंशन को लागू कर देना चाहिए, नहीं तो इसका खामियाजा उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546


**चेतावनी**

### सिंचाई के कृत्रिम साधन सही विकल्प नहीं बन सकते

## बढ़ता तापमान रबी की फसलों के लिए खतरनाक



**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर** मण्डल समेत पूरे उत्तर प्रदेश में फरवरी माह में अचानक बढ़े तापमान से फसलों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। सबसे अधिक क्षति गेहूं और सरसों में हो सकती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने बताया कि गर्मी अधिक होने की वजह से गेहूं, सरसों समेत रबी के अन्य फसलों को अधिक क्षति की आशंका है। रबी की फसलों को परिपक्व होने के लिए कम तापमान की आवश्यकता होती है लेकिन धूप तेज होने की वजह से गर्मी अधिक होगी, जो फसलों के लिए ठीक नहीं है। गर्मी इन रबी फसलों को खराब कर सकती है। वहीं, अल नीनो इस साल बारिश को कम कर सकता है। इससे धान और बाजरा जैसी खरीफ फसलें प्रभावित होंगी। इससे सीधे-सीधे महंगाई पर असर पड़ने के आसार हैं। गर्म हवाएं ताजा उपज के परिवहन को भी प्रभावित करती हैं। भारत में पर्याप्त कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर का अभाव है। अत्यधिक गर्मी अक्सर परिवहन में बड़े खाद्य नुकसान का कारण बनती है। जनवरी और फरवरी में सर्दियों के महीनों के दौरान उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में मौसम की स्थिति काफी क्रूर रही। फरवरी माह की बात करें तो पश्चिम और पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के उपमंडलों में 95-100% वर्षा की कमी हुई है। मौसम प्रणालियों की अनुपस्थिति और फलस्वरूप सर्दियों की बारिश ने पूरे क्षेत्र में गर्मी का तनाव बढ़ा दिया है। दिन और रात दोनों का तापमान लगातार सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है।